NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-196, पृष्ठ : 12 | बुधवार, 21 जनवरी, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

दिल्ली में सुनीता विलियम्स

## भारत आना घर वापसी जैसा

### चांद पर जाना चाहती हूं, लेकिन मेरे पति मुझे इजाजत नहीं देंगे



सुनीता विलियम्स से जब चांद पर जाने की इच्छा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह चांद पर जाना चाहती हैं, लेकिन उनके पति उनकी जान ले लेंगे। उन्होंने कहा कि अब वह अपनी फैमिली को वक्त देना चाहती हैं और मां का ध्यान रखना चाहती हैं। सुनीता विलियम्स ने बोइंग के स्टारलाइनर पर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में अपने अप्रत्याशित रूप से 9.5 महीने लंबे मिशन के बारे में बात करते हुए, इस दावे को खारिज कर दिया कि वह फंस गई थीं और नासा ने उन्हें छोड़ दिया था। विलियम्स ने कहा कि क्रू के पास हमेशा घर लौटने का रास्ता था और उन्हें नासा के स्टेप-बाय-स्टेप सेफ्टी प्रोसेस पर भरोसा था।

**नई दिल्ली।** नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स भारत आई हुई हैं. दिल्ली में उन्होंने दिवंगत कल्पना चावला की 90 साल की मां मुलाकात की. दोनों ने इस मुलाकात में पुरानी यादों को ताजा किया। भारत में जन्मी अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री चावला उन सात क्रू मेंबर्स में से एक थीं, जिनकी फरवरी 2003 में स्पेस शटल कोलंबिया दुर्घटना में मौत हो गई थी।

60 साल की विलियम्स ने दिल्ली में अमेरिकन सेंटर में आयोजित ह्यआंखें सितारों पर, पैर जमीन परह्र नाम के एक इंटरैक्टिव सेशन में हिस्सा लिया. जहां उन्होंने कहा भारत आना घर वापसी जैसा है। इंटरैक्टिव सेशन में हिस्सा लेने के दौरान सुनीता विलियम्स ने अपनी करियर से जुड़ी कई खास बातें शेयर की। उन्होंने भारत के लिए कहा कि भारत आना उनके लिए घर वापसी जैसा हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता ने उन्हें भारतीय कल्चर से रू-बा-रू कराया और वह भगवान गणेश में विश्वास रखती हैं।

वहीं भारत के चंद्रयान के बारे में सुनीता ने कहा कि वह इसको लेकर काफी आशावादी हैं और अमेरिका और भारत के स्पेस में बढ़ते सहयोग को भी सकारात्मक रूप में देखती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई की भारतीय स्पेस एजेंसी जल्द ही बड़े और खास मिशन पूरा करेंगी।

## ट्रम्प के प्लेन एयरफोर्स-1 में आई तकनीकी खराबी, बीच उड़ान से लौटे

- दावोस इकोनॉमिक समिट में लेना था हिस्सा



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का विमान एयर फोर्स वन स्विट्जरलैंड के लिए रवाना होने के करीब एक घंटे बाद जॉइंट बेस एंड्रयूज लौट आया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने बताया कि उड़ान भरने के बाद विमान में मामूली विद्युत तकनीकी समस्या सामने आई, जिसके बाद एहतियातन वापस लौटने का फैसला लिया गया।

विमान में मौजूद एक पत्रकार के अनुसार, टेकऑफ के कुछ देर बाद प्रेस केबिन की लाइट्स कुछ समय के लिए बंद हो गई थीं। हालांकि, उस वक्त कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया। उड़ान के लगभग आधे घंटे बाद पत्रकारों को सूचित किया गया कि विमान वापस लौट रहा है। एयर फोर्स वन विमान सुरक्षित रूप से वॉशिंगटन डीसी क्षेत्र में उतार लिया गया। इसके बाद राष्ट्रपति के दल ने बैकअप विमान से स्विट्जरलैंड के दावोस के लिए उड़ान भरी।

**दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद डब्ल्यूईएफ में ट्रंप की पहली प्रत्यक्ष उपस्थिति**

यह राष्ट्रपति ट्रंप की दोबारा पद संभालने के बाद वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में पहली प्रत्यक्ष उपस्थिति है। ट्रंप आज को अमेरिकी नीतियों पर बोलने वाले हैं। रवाना होने से पहले उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कम गैस कीमतों और मजबूत अर्थव्यवस्था का जिक्र किया। फिलहाल एयर फोर्स वन के रूप में इस्तेमाल हो रहे दोनों विमान करीब चार दशक पुराने हैं। बोइंग इनके नए संस्करण तैयार कर रहा है, लेकिन यह परियोजना लगातार देरी का सामना कर रही है। ये विमान विशेष सुरक्षा तकनीक से लैस होते हैं, जिनमें रेडिएशन शील्डिंग, एंटी-मिसाइल सिस्टम और अत्याधुनिक संचार सुविधाएं शामिल हैं, ताकि राष्ट्रपति दुनिया के किसी भी कोने से सैन्य संपर्क बनाए रख सकें।

## सीकर में नेशनल हाईवे पर चार वाहनों की टक्कर, 10 घायल



**सीकर।** राजस्थान में आज कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहा। सीकर जिले के फतेहपुर क्षेत्र में भी सुबह से ही कोहरे का असर देखने को मिला। इसी बीच फतेहपुर के हरसावा गांव के पास कोहरे की वजह से नेशनल हाईवे पर बड़ा हादसा हो गया, जहां चार वाहन आपस में टकरा गए। इस दुर्घटना में कुल 10 लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

यह हादसा फतेहपुर सदर थाना क्षेत्र में हुआ। जानकारी के अनुसार, घने कोहरे के चलते सबसे पहले एक परिवहन बस और ट्रक की आपस में टक्कर हो गई। इसके बाद विजिबिलिटी बेहद कम होने के कारण एक अन्य ट्रक और एक जीप भी इन वाहनों से टकरा गए, जिससे दुर्घटना और गंभीर हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही फतेहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। राहत की बात यह रही कि अधिकांश घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने सरकार को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम

**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की शोभायात्रा को रोकने से शुरू हुआ विवाद बढ़ता ही जा रहा है। माघ मेला प्रशासन के नोटिस के बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने भी प्रशासन को लीगल नोटिस भेजा है। मेला प्राधिकरण ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस भेजकर 24 घंटे में जवाब मांगा है जिसके जवाब में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने 24 घंट के अंदर नोटिस वापस लेने को कहा है। प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट की रोक के बावजूद नाम के आगे शंकराचार्य लगाने पर सवाल पूछा है जिसपर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि कोर्ट ने ऐसी कोई रोक नहीं लगाई है। मेला प्राधिकरण ने पूछा था कि स्वामी अविमुक्तश्वेरानंद का पट्टाभिषेक कब हुआ। काउंटर नोटिस में लिखा गया है कि सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले ही पट्टाभिषेक हो चुका है। मेला प्राधिकरण ने 24 घंटे में नोटिस का जवाब देने को कहा था। काउंटर नोटिस में कहा गया है कि 24 घंटे में अगर मेला प्रशासन ने नोटिस वापस नहीं लिया तो कंटेंप्ट ऑफ कोर्ट और शंकराचार्य परंपरा और स्वामी जी की छवि धूमिल करने के लिए कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



# प्रदेश में कल से बरसात की चेतावनी

## पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मौसम लेगा यू-टर्न, सर्दी को लेकर पूवार्नुमान जारी

**लखनऊ।** प्रदेश में कोहरे में आई कमी के साथ ठंड से राहत मिली है जो आगे भी जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी 48 घंटों में तापमान में थोड़ी गिरावट के उपरांत उत्तरोत्तर दो पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से 22 जनवरी से प्रदेश में वर्षा की संभावना है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से इसकी शुरूआत होगी और वहां बृहस्पतिवार को हल्की बारिश होगी।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद हवा के दिशा परिवर्तन और आसमान साफ होने से सोमवार रात प्रदेश के पश्चिमी व मध्यवर्ती भाग में न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। आगामी 24 घंटों तक यह गिरावट जारी रहने के आसार हैं। वहीं पूर्वांचल में आगामी 48 घंटों के दौरान इसमें क्रमिक गिरावट के बावजूद तापमान के सामान्य के आसपास या इससे अधिक रहने के आसार हैं। कोहरे में आई कमी के कारण ठंड से राहत मिलती रहने की भी संभावना है।

मौसम विज्ञानी अतुल कुमार सिंह के अनुसार, उत्तरोत्तर दो सक्रिय पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से 22 जनवरी की देर रात पश्चिमी उत्तर प्रदेश से वर्षा का दौर शुरू होकर 23 जनवरी को पूर्वी उत्तर प्रदेश तक व्यापक वर्षा होने की संभावना है। 22-23 जनवरी के दौरान न्यूनतम तापमान में पुनः 3-5 डिग्री की संभावित बढ़ोतरी होगी। 22 जनवरी को शुरू हुई यह बारिश कई दिनों तक छिटपुट रूप से चलती रहेगी।




### फिलहाल प्रदेश में नहीं बढ़ेगी ठंड

प्रदेश में फि लहाल ठंड से मिली राहत जारी रहने की संभावना है। यद्यपि 24-25 जनवरी के दौरान न्यूनतम तापमान में फिर 2-4 डिग्री की गिरावट आने के बाद 26 जनवरी से अगले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शुरू होने वाले वर्षा के नए दौर में फिर से बढ़ जाने के आसार हैं। उन्होंने बताया कि आगामी एक सप्ताह के दौरान अधिकतम तापमान में मामूली क्रमिक गिरावट के बावजूद सामान्य से ऊपर ही बने रहने के आसार हैं। प्रदेश में लगभग सभी जिलों में न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। मंगलवार को सबसे कम न्यूनतम तापमान मुजफ्फरनगर में 7.1 दर्ज किया गया। बरेली में 7.5, नजीबाबाद में 7.8, बाराबंकी और कानपुर में 8 डिग्री दर्ज किया गया। राजधानी लखनऊ में न्यूनतम तापमान 10.8 और अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री दर्ज किया गया।

### मौसम की खराबी से आठ फ्लाइटें देरी गईं और आईं

मौसम में खराबी के चलते मंगलवार दिल्ली से लखनऊ आने वाली फ्लाइट करीब सवा घंटा देरी से आई। इसी तरह पुणे से लखनऊ आने वाले फ्लाइटें भी करीब एक घंटा देरी से आई। इकुल आठ फ्लाइटें देरी आईं-गईं। मुंबई से लखनऊ आने वाले फ्लाइ 6ई5264 मंगलवर को 53 मिनट देरी से आई। इसी तरह रियाद से लखनऊ आने वाले फ्लाइट एक्सवाई 333 करीब 33 मिनट, बंगलुरु से लखनऊ आने वाले फ्लाइट 1033 करीब 31 मिनट देरी से आई। वहीं लखनऊ से दुबई जाने वाले फ्लाइट आईएक्स 193 करीब 51 मिनट, लखनऊ से रियाद जाने वाले फ्लाइट एक्सवाई 334 करीब 45 मिनट और लखनऊ से पुणे जाने वाले फ्लाइट आईएक्स 1617 करीब 42 मिनट देरी से उड़ी।

## यूपीः हाईकोर्ट के आदेश से खुला सीज मदरसा




**श्रावस्ती।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के श्रावस्ती में एक गैर-मान्यता प्राप्त मदरसे की सील हटाने के आदेश के बाद प्रदेश के ऐसे अन्य मदरसों को राहत की उम्मीद जगी है। हालांकि, अब भी यह सवाल बरकरार है कि क्या नेपाल सीमा के नजदीकी जिलों समेत प्रदेशभर में इसी आधार पर बंद किए गए सैकड़ों मदरसों से सील हट पाएगी।

उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद से प्रदेश में करीब 16460 मदरसे मान्यता प्राप्त हैं। मदरसा बोर्ड ने साल 2017 से नए मदरसों को मान्यता पर अघोषित रोक लगा रखी है। इस पर बोर्ड के तत्कालीन चेयरमैन इफ्तिखार अहमद जावेद ने शासन को वर्ष 2022 में मानक पूरे करने वाले मदरसों को मान्यता देने के लिए सर्वे कराने का प्रस्ताव भेजा था।

शासन के सर्वे में प्रदेश में 8449 गैर मान्यता प्राप्त मदरसे और मकतब सामने आए। साल 2024 में तत्कालीन मुख्य सचिव ने सर्वे रिपोर्ट से 4204 गैर मान्यता प्राप्त मदरसों को चिह्नित कर जिलास्तर पर तीन सदस्यीय कमेटी बनाने का पत्र जिलाधिकारियों को भेजा। इसके बाद जिलों में बनी कमेटियों ने मदरसों का संचालन बंद करने और गैर मुस्लिम बच्चों की सूची उपलब्ध कराने की नोटिस देकर कार्रवाई शुरू कर दी।

## सपा सांसद बाबू सिंह कुशवाहा के करीबी की 100 करोड़ की बेनामी भूमि हुई सरकारी, अब होगी नीलामी

**लखनऊ।** जौनपुर से सपा सांसद एवं पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा के करीबी देशराज सिंह की कानपुर रोड स्थित 100 करोड़ रुपये कीमत की भूमि अब सरकारी हो गई है। इसे आयकर विभाग ने मार्च, 2023 में बेनामी संपत्ति निषेध अधिनियम के तहत जब्त किया था। विभाग के आदेश को नई दिल्ली स्थित निर्णायक प्राधिकारी ने सही पाया है। अब आयकर विभाग इस संपत्ति को अपने कब्जे में लेने के बाद नीलाम कर सकता है।



आयकर विभाग को इस संपत्ति के बारे में देशराज सिंह के कानपुर स्थित आवास पर मई, 2022 में मारे गए छापे के दौरान सुराग मिला था। यह छापा आयकर विभाग के राजनेताओं और ब्यूरोक्रेट्स की बेनामी संपत्तियों का पता लगाने वाले 'ऑपरेशन बाबू साहब-2' अभियान के तहत मारा गया था। जांच में सामने आया था कि पहले यह संपत्ति एक कंपनी के नाम थी, जिसे बाद में बाबू सिंह के करीबी देशराज को कागजों पर बेचा गया था। जबकि संपत्ति पर कब्जा बाबू सिंह का ही पाया गया था। बंथरा इलाके के जुनाबगंज स्थित पांच सितारा होटल के सामने 1.6670 हेक्टेयर भूमि की इस जमीन की खरीद-फरोख्त फर्जी तरीके से की गई थी। कागज में दिखावे मात्र के लिए चेक नंबरों का जिक्र किया गया था।

## राहुल गांधी को मिला दादा फिरोज गांधी का ड्राइविंग लाइसेंस

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को मंगलवार को अपने दादा फिरोज गांधी का वर्षों पुराना खोया हुआ ड्राइविंग लाइसेंस मिला। राहुल अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दो दिवसीय दौरे पर थे। फिरोज गांधी के इस ड्राइविंग लाइसेंस को रायबरेली में एक स्थानीय परिवार ने दशकों तक संभालकर रखा था और अब उसे गांधी परिवार को सौंप दिया गया। राहुल ने ये लाइसेंस व्हाट्सएप पर सोनिया गांधी को भी भेजा।




यह लाइसेंस रायबरेली प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट की आयोजन समिति के सदस्य विकास सिंह ने राहुल को दिया। यह घटना उनके दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन हुई। विकास सिंह ने कहा, वर्षों पहले रायबरेली में एक कार्यक्रम के दौरान मेरे ससुर को यह ड्राइविंग लाइसेंस मिला था। उन्होंने इसे सुरक्षित रखा और उनके निधन के बाद मेरी सास ने भी इसे सहेजकर रखा। कांग्रेस सांसद राहुल के रायबरेली आने की जानकारी मिलने पर मेरे परिवार ने इसे सौंपना अपना कर्तव्य समझा। मेरा परिवार इस दस्तावेज को अमानत मानता था, जिसे सही समय पर गांधी परिवार को लौटाना जरूरी था।

## अमेरिकी वर्चस्व खत्म हो रहाः मार्क कार्नी




**टोरंटो।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने एक धमाकेदार बयान दिया है। उन्होंने दावोस में कहा कि दुनिया की मौजूदा व्यवस्था संकट में है और अमेरिकी वर्चस्व खत्म हो रहा है। दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के मंच से दिए अपने बयान में कनाडा के प्रधानमंत्री ने अमेरिका के वर्चस्व को चुनौती देते हुए ग्रीनलैंड मुद्दे पर डेनमार्क का समर्थन किया। हालांकि कनाडा के पीएम ने डोनाल्ड ट्रंप के नाम का जिक्र नहीं किया, लेकिन उन्होंने अपनी टिप्पणियों में अमेरिका पर जमकर निशाना साधा। मार्क कार्नी ने कहा, 'ताकतवर देश उन्हें माना जाता है, जिनके पास संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट है जैसे चीन, अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और रूस। इन देशों का दुनिया पर आर्थिक और सैन्य दबदबा है।' 'मध्य ताकत वाले देश जैसे कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, दक्षिण कोरिया और ब्राजील का भी दुनिया की राजनीति में बड़ा असर रखते हैं।' कार्नी ने कहा कि दुनिया की मौजूदा व्यवस्था बदलाव के दौर से नहीं गुजर रही है, बल्कि पूरी व्यवस्था ही संकट में है। ऐसे में मध्य ताकत वाले देशों को एकजुट होना चाहिए। कार्नी ने कहा 'अगर हम बातचीत की मेज पर नहीं आएंगे तो जल्द ही हमें बड़ी ताकतें खा जाएंगी।'

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा ब्रज
www.nnindianews.com
बुधवार, 21 जनवरी, 2026


# 100 मिनट में कमल ने खत्म कर दिया परिवार

## पत्नी से विवाद के बाद हो गया था खून सवार, एक–एक कर सबकों मारी ईंटें

**एटा (एनएनआई)।** एटा स्थित गांव नगला प्रेमी में दवा कारोबारी कमल सिंह ने ही बुजुर्ग माता-पिता, बेटी और पत्नी की ईंट से वार कर हत्या की थी। पुलिस ने मंगलवार को हत्याकांड का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। छोटी बेटी ज्योति की शादी के लिए चार लाख रुपये का इंतजाम न होने से कमल परेशान था। सोमवार दोपहर इसी बात पर पत्नी रत्ना देवी से उसका विवाद हुआ, जिसके बाद उसने एक-एक कर चारों की हत्या की। नगर कोतवाली पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

डीआईजी अलीगढ़ रेंज प्रभाकर चौधरी ने पुलिस लाइन में बताया कि सीसीटीवी फुटेज में घटना के समय घर के अंदर और बाहर किसी अन्य व्यक्ति की आवाजाही नहीं पाई गई। मृतक गंगा सिंह शाक्य का बेटा कमल सिंह ही आता-जाता दिखा। शक के आधार पर जब जांच की गई तो उसके कपड़ों और जूतों पर खून के निशान मिले। मृतका ज्योति के मोबाइल फोन से आखिरी चैटिंग का समय सामने आया। इससे घटना का समय भी स्पष्ट हो गया।



### 10 फरवरी को होनी थी बेटी की शादी

डीआईजी के अनुसार, पूछताछ में कमल सिंह ने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि छोटी बेटी ज्योति की शादी 10 फरवरी को होनी थी। इसके लिए लड़का पक्ष को चार लाख रुपये देने थे। सोमवार दोपहर वह खाना खाने घर आया था। इस दौरान रुपयों की व्यवस्था न हो पाने पर पत्नी से विवाद हुआ। पत्नी ने काफी कुछ सुनाया और गाली–गलौज की। इस पर आवेश में आकर कमल ने छत पर पड़ी इंटरलॉकिंग ईंट से पहले पत्नी, फिर बेटी और उसके बाद मां के सिर व चेहरे पर प्रहार किए। बाद में नीचे आकर पिता पर भी ईंट से हमला कर उनकी हत्या कर दी।

### यह है पूरा मामला

गांव नगला प्रेमी में सोमवार दोपहर करीब 2:35 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक मकान में कई लोगों की हत्या हो गई है। सूचना मिलते ही पहले एएसपी श्वेताभ पांडेय पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे। घर के अंदर भूतल पर गंगा सिंह शाक्य (70) जबकि पहली मंजिल पर उनकी पुत्रवधू रत्ना देवी (40), पौत्री ज्योति (23) के शव पड़े हुए थे। वहीं, गंगा सिंह की पत्नी श्यामा देवी (65) गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिलीं। उन्हें मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी भेजा गया जहां 10 मिनट बाद उनकी भी मौत हो गई। घटना को गंभीरता से लेते हुए एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ, डीआईजी आलीगढ़ रेंज प्रभाकर चौधरी व एसएसपी श्याम नारायण सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। फोरेंसिक टीम, डॉग स्क्वॉड और फील्ड यूनिट ने घटनास्थल से सबूत जुटाए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में पूरी स्थिति साफ हो गई।

### पत्नी से शुरू हुआ और पिता पर जाकर थमा कमल सिंह के सिर पर सवार खून

हत्यारोपी कमल सिंह के सिर पर खून सवार हुआ तो पहला वार पत्नी बनी। आखिर में पिता की दम निकलने के बाद उसके सिर से खून उतरा। खून से सने हाथ और जूते धोकर सबूत मिटाने की कोशिश की। इसके बाद घर से बाहर निकला और बाइक स्टार्ट कर वहां से चला गया। माता–पिता और पत्नी व बेटी की ईंट से सिर कुचलकर हत्या करते समय उसके हाथ तक नहीं कांपे।

पुलिस की पूछताछ में कमल सिंह ने बताया कि सोमवर की दोपहर घर खाना खाने आया तो पत्नी रत्ना से बेटी ज्योति के दहेज के संबंध में रुपयों की बात चलने लगी। जब उसने कहा कि इंतजाम कर रहा है तो पत्नी भला–बुरा कह गाली–गलौज करने लगी। इसी बीच बेटी ज्योति ने भी पत्नी का पक्ष लिया और कहा कि तू हमारे लिए मर गया है। इस बात पर कमल पर गुस्सा सवार हो गया। पत्नी–बेटी को धक्का देकर छत पर चला गया। वहां कुछ देर रुका। तब तक रत्ना और ज्योति बेड पर लेट गईं। कमल छत से ईंट उठाकर लाया और पहला प्रहार बेड पर लेटी रत्ना के ऊपर कर दिया। वह तड़पने लगी तो बेटी ने शोर मचाया। यह देखकर बेटी को फर्श पर डालकर उसके भी चेहरे पर ईंट मारकर घायल कर दिया।

# फंदे पर लटकी मिली किशोरी, दुष्कर्म व हत्या का आरोप

**मथुरा (एनएनआई)।** यमुना की तलहटी में बसे गांव शेरनगर स्थित एक ईंट-भट्टे के समीप किशोरी की संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु हो गई। झोपड़ी में उसका शव फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने पास के ही एक दुकानदार व उसके साथियों पर दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाते हुए छह घंटे हंगामा किया और शव नहीं उठने दिया। शाम चार बजे पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर स्वजन को मनाया और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। फिलहाल पुलिस आत्महत्या मान रही है। फोरेंसिक टीम से साक्ष्य एकत्रित कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोसीकलां थाना क्षेत्र के गांव शेरनगर स्थित शिवम भट्टे पर कई मजदूर ईंट की थपाई का काम करते हैं और पास में ही झुग्गी झोपड़ी बनाकर रहते हैं।

# मैनपुरी में न्यायिक कर्मी ने किया 1.24 करोड़ का घोटाला

एनएनआई

**मैनपुरी।** दीवानी न्यायालय में प्रशासनिक लिपिक के पद पर तैनात रहे अनूप कुमार यादव ने वर्ष 2021 से 2026 तक 1.24 करोड़ रुपये से अधिक का घोटाला किया है। सरकारी धनराशि को अपनी मां, पत्नी तथा भाई के खाते में ट्रांसफर किया है। लेखा परीक्षण में घोटाले की पुष्टि के बाद प्रभारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने उसको हिरासत में ले लिया है।

दीवानी न्यायालय के बिल विभाग में तैनात रहे अनूप कुमार यादव के खिलाफ सरकारी धनराशि को फर्जी तरीके से अपने परिजन के खातों में ट्रांसफर करने की शिकायत के बाद लेखा परीक्षण कराया गया। लेखा परीक्षण में खुलासा हुआ कि मार्च 2021 से दिसंबर 2025 तक अनूप यादव ने 12479152 रुपये की धनराशि की अपने पदीय दायित्वों का दुरुपयोग करके वित्तीय अनियमितता की है। लेखा परीक्षण वित्तीय वर्ष 2021-2022 से 2025-2026 तक का किया गया है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि अनूप यादव ने यह धनराशि अपनी मां रामादेवी, पत्नी रीनादेवी, भाई अभिषेक यादव के खातों में ही ट्रांसफर की है। लेखा परीक्षण में 12479152 रुपये की धनराशि के घोटाले की पुष्टि होने के बाद प्रभारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी देवव्रत राय चौधरी ने तत्कालीन प्रशासनिक लिपिक अनूप कुमार यादव के खिलाफ थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने अनूप कुमार यादव को हिरासत में ले लिया।

# बरसाना में लठामार होली की तैयारियां शुरू, आ सकते हैं सीएम योगी

**मथुरा (एनएनआई)।** विश्व प्रसिद्ध बरसाना की लठामार होली की तैयारियों को लेकर एक माह पूर्व से ही पुलिस प्रशासन जुट गया है। मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में लठामार होली मेला की बैठक हुई। बैठक के दौरान कमिश्नर ने सभी विभागों के अधिकारियों को पूर्व से बेहतर काम करने के निर्देश दिए है। कस्बे के पीडब्ल्यूडी विभाग के गेस्ट में लठामार होली मेला को लेकर मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने बैठक की। बैठक के दौरान पूर्व की भांति इस बार होली मेला की तैयारियां पहले से अच्छी हो इसको लेकर चर्चा हुई। मंडलायुक्त डॉ शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि बरसाना की लठामार होली विश्व प्रसिद्ध है। जिसमें भाग लेने के लिए लाखों श्रद्धालु बरसाना आते है। ऐसे में हमें कस्बे की अच्छी साफ सफाई तथा रंगोली बने। वहीं जगह जगह स्वागत द्वार बनाए जाए। राधारानी मंदिर के पट ज्यादा देर तक खुले जिससे ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं को दर्शन हो। वहीं जो भी पुलिस कर्मी ड्यूटी करे वो श्रद्धालुओं के साथ अच्छा व्यवहार रखे। मेला के दौरान ई रिक्शा वालों के रेट निर्धारित हो तथा बाइक चलने पर प्रतिबंध लगे। ब्रह्मांचल पर्वत की सफाई हो। जगह जगह रंग बिरंगी लाइट लगे। होली मेला के दौरान घटिया गुलाल व रंग की ब्रिकी न हो। ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र ने कहा कि बरसाना की लठामार होली में देश विदेश से लाखों लोग आते है। ऐसे में हमें उन्हें अच्छी व्यवस्था देनी चाहिए। स्थानीय लोगों को भी पुलिस का सहयोग करना चाहिए। वहीं महिला श्रद्धालुओं से बदतमीजी करने वाले लोगों को दंडित किया जाना चाहिए। जिससे दिव्य भूमि की छवि धूमिल न हो।



### 24–25 फरवरी को होगी लठामार होली

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि 24 फरवरी को लड्डू व 25 फरवरी को लठामार होली का आयोजन होना है। इस बार होली मेला में पहले से बेहतर अच्छी व्यवस्था हो। वहीं पूरे मेला क्षेत्र में 60 पार्किंग स्थल बनाए जाए, 100 के करीब बैरियर लगाए तथा गहवर कुंड, वृषभान कुंड, प्रिया कुंड की साफ सफाई के साथ उसकी अच्छी बेरिकेड्स हो। रंगीली गली से जर्जर मकानों को दुरुस्त कराया जाए। वहीं जिलाधिकारी ने खाद्य विभाग को निर्देश दिए कि मिलावटी मिठाई न बिके, वहीं कार्रवाई के नाम पर लोगों का शोषण न हो। सिंचाई विभाग को गोवर्धन ड्रेन की सफाई करने तथा नगर पंचायत को अवैध हॉर्डिंग हटाने को कहा।

### 18 सेक्टर में विभाजित होगा मेला क्षेत्र

एसएसपी श्लोक कुमार ने कहा कि इस बार मेला क्षेत्र को सात जोन 18 सेक्टरों में विभाजित किया जाएगा। वहीं पूरे कस्बे में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। मेन कंट्रोल रूम पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में होगा। महिलाओं से बदतमीजी करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित किया जाएगा। वहीं मेला के दौरान घटिया गुलाल व रंग की ब्रिकी पर प्रतिबंध रहेगा। बैठक में नगर आयुक्त जग प्रवेश, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ सूरज पटेल, एडीएम प्रशासन डॉ अमरीश कुमार, एडीएम फाइनेंस पंकज कुमार, एसपी देहात सुरेश चंद रावत, एसपी ट्रैफिक मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### होली देखने बरसाना आ सकते है सीएम योगी

बरसाना की होली में सीएम योगी अब तक चार बार बरसाना आ चुके है। इस बार भी पुलिस प्रशासन को अंदाजा है कि सीएम योगी होली पर बरसाना आ सकते है। बैठक के दौरान कमिश्नर डॉ शैलेंद्र कुमार सिंह ने अधिकारियों से कहा कि हमारे पास अभी एक माह है। हमें सीएम योगी के आगमन को लेकर भी तैयारी करनी चाहिए है। इसलिए राधारानी मंदिर के रास्ते अच्छे हो, वहीं गोवर्धन ड्रेन की सफाई हो तथा सड़कें दुरुस्त हों। वहीं रोप वे का मेंटीनेंस कार्य देखा जाए। राधाबिहारी में भव्य मंच का निर्माण हो।

NNI हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया



# रोजर शू इंडस्ट्रीज में करोड़ों की चोरी

## तिजोरी तोड़कर उड़ाई रकम और हीरे के जेवरात, बटेश्वर से दो सगे भाई पुलिस ने उठाए




### पड़ोस के घरों पर तैनात रही पुलिस

बटेश्वर में जैन मंदिर के सामने एक मकान में सिकंदरा पुलिस ने दबिश देकर चोरी के मामले में दो भाइयों को पकड़ा है। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक तलाशी भी ली गई। जांच के दौरान पड़ोस के मकानों के दरवाजों पर पुलिस तैनात रही। किसी को भी घरों से बाहर नहीं आने दिया गया। पुलिस दो बोरे, एक सूटकेस में सामान और कैश लेकर गई।

### कर्मचारी पर ही रेकी का शक

पुलिस को शक है कि चोरी की वारदात किसी कर्मचारी ने ही रेकी के बाद कराई है। ऐसे में पुलिस कर्मचारियों की कॉल डिटेल निकलवा रही है। इसके साथ ही यह भी पता किया जा रहा है कि चोर आया तो उसकी मदद किसने की। कैश और जेवरात रखे होने की जानकारी सिर्फ फैक्टरी के कर्मचारियों को ही थी।

एनएनआई

**आगरा।** सिकंदरा क्षेत्र की रोजर शू इंडस्ट्रीज लिमिटेड में रविवार रात को चोरी की वारदात हुई। चोर तिजोरी खोलकर लाखों रुपये के साथ सोने-चांदी सहित हीरे के जेवरात ले गया। सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध भी कैद हो गया। पुलिस ने छानबीन की तो चोरों का सुराग मिल गया। बटेश्वर से दो सगे भाइयों को पकड़ा है। उनसे कैश और जेवरात बरामद किए गए। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। चोरी गए माल की कीमत पुलिस करोड़ों में मान रही है।

लाजपत कुंज निवासी दीपक बुद्धिराजा की रोजर शू इंडस्ट्रीज लिमिटेड नाम से जूता फैक्टरी है। उन्होंने पुलिस को बताया कि कोठी में काम चल रहा है। इस कारण परिवार दूसरी जगह रह रहा है। घर में रखे पत्नी के जेवरात, नकदी और अन्य कीमती सामान को फैक्टरी की तिजोरी में रख दिया था। फैक्टरी में हर समय गार्ड रहते हैं और कैमरे लगे हुए हैं। 19 जनवरी की सुबह कर्मचारी महेश गुप्ता ने प्रथम तल के गेट का ताला टूटा होने की जानकारी दी थी। मालिक की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने कर्मचारियों से पूछताछ की। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी देखे गए। सामने आया कि रविवार रात को एक युवक छत के रास्ते फैक्टरी में घुसा। उसने तिजोरी को खोल लिया। डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि चोरों के बारे में सुराग मिल गए हैं। पुलिस टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी हैं। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। कारोबारी ने 55 लाख रुपये, सोने-चांदी के साथ हीरे के जेवरात चोरी होने की जानकारी दी थी। हालांकि जानकारी मिली है कि कैश 65 लाख से अधिक है। जेवरात की कीमत भी अधिक है।

### जिला जेल में चरस तस्करी की कोशिश नाकाम

# पारले-जी के पैकेट में छिपाकर जेल लाई गई 406 ग्राम चरस

एनएनआई



**आगरा।** जिला कारागार में बंद एक विचाराधीन बंदी तक नशीला पदार्थ पहुंचाने की साजिश को जेल प्रशासन ने समय रहते नाकाम कर दिया। मुलाकात के दौरान एक युवक पारले-जी बिस्कुट के पैकेट में चरस छिपाकर लाया था। गेट पर तलाशी के समय संदेह होने पर पैकेट खुलवाया गया, जिसमें 406 ग्राम चरस बरामद हुई।

जेल प्रशासन के अनुसार, आरोपी ने जानबूझकर दूसरे बंदी के नाम की फर्जी मुलाकात पर्ची लगाई थी, ताकि सामान्य प्रक्रिया का फायदा उठाकर चरस अंदर पहुंचाई जा सके। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह बंदी कासिम से मिलने आया था और उसके नशे की लत के कारण बिस्कुट के पैकेट में चरस छिपाकर लाया। घटना के बाद आरोपी को थाना हरीपर्वत पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। जेलर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी मूल रूप से सराय ख्वाजा क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। जेल अधीक्षक हरिओम शर्मा ने बताया कि परिजन पूरी योजना बनाकर आए थे। महिलाओं के साथ मुलाकात का आवेदन स्वीकार होने का फायदा उठाकर भतीजे ने फर्जी पर्ची लगाई थी, लेकिन सख्त तलाशी व्यवस्था के चलते साजिश विफल हो गई। उन्होंने कहा कि जेल में नशे और अवैध सामग्री पर पूरी तरह से जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है और आगे भी कड़ी निगरानी जारी की जाएगी।

# सहकारी ग्राम्य बैंक शाखा के चुनाव में भाजपा को टक्कर देने आई सपा

एनएनआई



**आगरा (एत्मादपुर)।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम्य विकास बैंक के शाखा अध्यक्ष (प्रतिनिधि) के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव की प्रक्रिया मंगलवार को ब्लाक स्तर पर नामांकन पत्र दाखिल करने के साथ शुरू हो गई। एत्मादपुर में तीन लोगों ने अपनी उम्मीदवारों के पर्चे जमा किए हैं। जबकि खंदौली ब्लाक क्षेत्र में सिर्फ एक पर्चा दाखिल किए जाने पर यहां नयाबास (चौकड़ा) निवासी गिरंज सिंह पचौरी आमराय से निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं।

एत्मादपुर ब्लाक मुख्यालय पर निर्वाचन अधिकारी (एसडीएम) सुमित कुमार की देखरेख में सहायक निर्वाचन अधिकारी (नायब तहसीलदार) हरीलाल चौधरी के समक्ष भाजपा प्रत्याशी नगला बेल के पूर्व प्रधान शंकरध्वज सिंह धाकरे पुत्र भगवान सिंह ने अपने अधिवक्ता तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह बघेल एडवोकेट के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया।

उनके साथ में प्रस्तावक राघवेन्द्र पाल और अनुमोदक सोनपाल सिंह थे। उनसे पूर्व रामनगर (टेहू) के पूर्व अध्यक्ष रामवीर सिंह यादव के पुत्र मुकेश कुमार यादव ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ सपा नेता बीरेंद्र सिंह चौहान और अन्य लोग मौजूद थे। इन दोनों प्रत्याशियों के अलावा सपा प्रत्याशी मुकेश कुमार यादव के भाई रामविलास यादव ने भी डमी प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है। भाजपा प्रत्याशी शंकरध्वज सिंह धाकरे एत्मादपुर के पूर्व दिग्गज ब्लाक प्रमुख भाजपा नेता स्वर्गीय ठाकुर सीरध्वज सिंह के अनुज हैं। उनके नामांकन के दौरान क्षेत्रीय भाजपा विधायक डा धर्मपाल सिंह, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती स्वदेश बघेल, पूर्व अध्यक्ष विश्वदीप सिंह, अभयनाथ सिंह, साधन सहकारी समिति बरहन के अध्यक्ष अरविंद सिंह धाकरे आदि मौजूद थे।

### पांच बैंक शाखाओं के प्रतिनिधि निर्विरोध निर्वाचित

आगरा जिले में एत्मादपुर, खंदौली समेत नौ बैंक शाखाओं के अध्यक्ष (प्रतिनिधि) पद के लिए मंगलवार को 16 नामांकन पत्र दाखिल हुए। खंदौली, बाह, खेरागढ़, फतेहाबाद, शाहगंज पांच बैंक शाखाओं पर एक-एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया। जबकि चार शाखाओं एत्मादपुर, किरावली, सैंया में तीन-तीन और जगनेर में दो नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। आज सभी नामांकन पत्रों की जांच होगी। कल नाम वापसी की समय सीमा के उपरांत उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। इसके बाद 27 जनवरी को मतदान के बाद परिणाम घोषित होंगे।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।


# गजब: बिना गिरफ्तारी कोर्ट में रिमांड लेने पहुंच गए दारोगा

- कोर्ट ने विवेचक के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखा पत्र

एनएनआई

**आगरा।** शाहगंज फायरिंग मामले में आगरा पुलिस की लापरवाही सामने आई है। चौकी प्रभारी बिना गिरफ्तारी पर्चा काटे और प्रपत्र भरे एक आरोपी को रिमांड के लिए कोर्ट ले गए। विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने इसे विधि विरुद्ध मानते हुए आरोपी दानिश की रिमांड अर्जी खारिज कर दी और उसे रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने विवेचक के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीजीपी और पुलिस आयुक्त को पत्र भी लिखा है। कमिश्नरेट में पुलिसकर्मियों को कानून के पाठ पढ़ाए जा रहे हैं, लेकिन कुछ पुलिसकर्मी तो पहला पाठ भी नहीं पढ़ सके हैं। शाहगंज में हुई फायरिंग के मामले में विवेचक ने लापरवाही की सारी हदें पार कर दीं। केस डायरी में गिरफ्तारी का पर्चा काटे बिना और गिरफ्तारी प्रपत्र भरे बिना ही चौकी प्रभारी विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में आरोपित को लेकर रिमांड लेने पहुंच गए शाहगंज क्षेत्र की इंद्रा कॉलोनी में 11 जनवरी की रात को हिस्ट्रीशीटरों के गैंग ने रिटायर्ड दारोगा सुरेंद्र सिंह के बेटे राघवेंद्र और भतीजे तरुण को गोली मार दी थी। इस मामले में सुरेंद्र सिंह ने शाहगंज थाने में विनय प्रताप उफ वीपी, शारिक, अनस, प्रिंस समेत अन्य के खिलाफ जानलेवा हमला व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया था। जगदीशपुरा पुलिस ने 16 जनवरी को मिढ़ाकुर निवासी दानिश को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। शाहगंज में फायरिंग के आरोपित हिस्ट्रीशीटरों को संरक्षण भी उसने दिया था।जगदीशपुरा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से रिमांड स्वीकृत हो गया। इसी बीच शाहगंज थाना पुलिस द्वारा फायरिंग मामले की साजिश में शामिल सोरों कटरा निवासी नवाजिस को लेकर चौकी प्रभारी शाहगंज डिवीजन अक्षय राणा भी कोर्ट पहुंच गए। उन्होंने नवाजिस के साथ जगदीशपुरा पुलिस से दानिश को भी अपने कब्जे में ले लिया। क्योंकि उसने भी पूछताछ में पुलिस को शाहगंज की घटना में शामिल रहने की जानकारी दी थी।कोर्ट ने दानिश को रिमांड अस्वीकृत कर उसे रिहा करने के आदेश दिए। जबकि नवाजिश का रिमांड स्वीकृत करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए। इसके बाद पुलिस ने जगदीशपुरा में दर्ज आर्म्स एक्ट के मुकदमे में दानिश को और शाहगंज में दर्ज जानलेवा हमले की साजिश के मामले में नवाजिश को जेल भेज दिया।

# दलित बस्ती के पास देसी शराब व बीयर के ठेके का महिलाओं ने किया विरोध

**आगरा (एनएनआई)।** पिढौरा थाना क्षेत्र के विजय गढ़ी ताल गांव में संचालित देसी शराब और बीयर के ठेके को लेकर ग्रामीण महिलाओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। महिलाओं का आरोप है कि शराब की दुकान दलित बस्ती के बेहद नजदीक स्थित है, जिससे उन्हें रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने बताया कि ठेके पर शराब पीने वाले लोग अक्सर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। विरोध करने या टोकने पर गाली-गलौज और झगड़े पर उतारू हो जाते हैं, जिससे इलाके का माहौल असुरक्षित बना हुआ है। खासतौर पर महिलाओं और बच्चों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। इस समस्या को लेकर गांव की एकत्रित महिलाएं तहसील पहुंचीं और एसडीएम बाह कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से महिलाओं ने ठेके को आबादी क्षेत्र से हटाने या बंद कराने की मांग की है।

## बीएसए ने किया कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण

**अध्ययनरत छात्राओं के साथ शैक्षिक स्तर की गहन समीक्षा**



एनएनआई

**आगरा।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जितेन्द्र कुमार गोंड द्वारा विकास खण्ड बरौली में संचालित कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में शासन/विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही निरीक्षण के दौरान शासन एवं विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं तथा विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं के शैक्षिक स्तर की गहन समीक्षा की गई, विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं का शैक्षिक स्तर संतोषजनक पाया गया। तत्पश्चात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, द्वारा प्राथमिक विद्यालय छीपीटोला विकास खण्ड नगर क्षेत्र में जाकर विद्यालय में आयोजित शिक्षक संकुल की बैठक में सम्मिलित होते हुए एजेण्डावार बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी। बैठक में एजेण्डावार बिन्दुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई, जिसमें शिक्षण कार्य की प्रगति, योजनाओं का क्रियान्वयन एवं विद्यालयों की स्थिति पर चर्चा हुई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि शैक्षिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित करें तथा समस्त सरकारी योजनाओं का पूर्ण लाभ छात्र-छात्राओं तक पहुंचाया जाए।

# भाजपा की जनविरोधी नीतियों से ऊब चुके हैं लोगः शब्बीर अब्बास

**यमुना पार में उठा समाजवाद का सैलाब, सर्व समाज ने थामा सपा का हाथ**

एनएनआई



**आगरा।** समाजवादी पार्टी महानगर के नवनियुक्त अध्यक्ष शब्बीर अब्बास के नेतृत्व में यमुना पार क्षेत्र में समाजवाद ने नई ताकत हासिल की। इस्लामनगर, टेढ़ी बगिया में आयोजित भव्य स्वागत कार्यक्रम में सर्व समाज की ऐतिहासिक भागीदारी देखने को मिली। बड़ी संख्या में लोगों ने समाजवादी विचारधारा में विश्वास जताते हुए समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के केंद्र में रहे महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास, जिन्होंने संगठन को जमीन से मजबूत करने का साफ संदेश देते हुए यमुना पार क्षेत्र के 11 वार्डों के वार्ड अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र सौंपे और प्रत्येक वार्ड में वार्ड प्रभारी नियुक्त कर संगठनात्मक ढांचे को धार दी। शब्बीर अब्बास ने कहा–समाजवादी पार्टी सिर्फ चुनाव लड़ने की पार्टी नहीं, बल्कि शोषित, पीड़ित और उपेक्षित समाज की लड़ाई लड़ने वाला आंदोलन है। गरीब, किसान, मजदूर, नौजवान, महिलाएं और अल्पसंख्यक–सबकी आवाज अगर कोई मजबूती से उठाता है तो वह समाजवादी पार्टी है। उन्होंने आगे कहा कि यमुना पार की जनता का यह भरोसा साफ संकेत है कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों से लोग ऊब चुके हैं और अब उत्तर प्रदेश में परिवर्तन तय है। कार्यक्रम में उमड़ा जनसमर्थन यह साबित करता है कि समाजवादी पार्टी अब रुकने वाली नहीं है। यमुना पार से उठी यह लहर आने वाले समय में भाजपा के लिए बड़ा राजनीतिक झटका साबित होगी यह आयोजन समाजवादी आंदोलन को बूथ से लेकर सत्ता तक मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक और ऐतिहासिक कदम है । कार्यक्रम में मुख्य रूप से वीरेंद्र सिंह चौहान प्रवक्ता पुष्पेंद्र शर्मा राहुल चौधरी अजीज अब्बास मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पंच परिवर्तन के संदेश के साथ विजय नगर में जुटेंगे हजारों लोग

- राधाकृष्ण मंदिर पर विराट हिन्दू सम्मेलन के पोस्टर का हुआ विमोचन

एनएनआई

**आगरा।** पंच परिवर्तन के माध्यम से हिन्दू समाज को जाग्रत करने को विजय नगर क्षेत्र में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। मंगलवार को विजय नगर हिन्दू सम्मेलन समिति की ओर से राधाकृष्ण मंदिर पर सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन समिति के पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

अध्यक्ष छोटेलाल बंसल ने बताया कि हिन्दू सम्मेलन को लेकर पूरे विजय नगर के लोगों में भारी जोश देखने को मिल रहा है। 25 जनवरी को आयोजित होने वाले सम्मेलन में ब्रह्मकुमारी राज बहन, वृन्दावन से रसराज दास महाराज, बिहाराधीश से भंते धम्म बोधि थैरो, गुरुद्वारा गुरु का ताल से संत प्रीतम सिंह और क्षेत्रीय कार्यवाहक प्रमोद शर्मा धर्म, संस्कृति, राष्ट्र और समाज से जुड़े गंभीर विषयों पर व्याख्यान देंगे। आयोजन सचिव अलोक आर्य ने बताया कि हिंदुत्व के जागरण से समाज में जाति, वर्ग, भाषा इत्यादि के आधार पर होने वाले अनेक प्रकार के भेदभाव धीरे-धीरे कम होने लगे हैं। सम्मेलन का उद्देश्य एक सच्चरित्र, प्रामाणिक और संस्कारवान पीढ़ी का निर्माण करना है। इसी क्रम में 23 जनवरी को विजय नगर क्षेत्र में वाहन रैली निकाली जाएगी तथा 25 को न्यू विजय नगर कॉलोनी के चौराहा पर विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित होगा। उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल और संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि सम्मेलन में हजारो लोगो के शामिल होने की उम्मीद लगायी जा रही है। सभी को आमंत्रण भेजे जा रहा है। इस अवसर पर पार्षद ऋषभ गुप्ता, कोषाध्यक्ष अजय तोषनीवाल, उपमा गुप्ता, नितिन गोयल, नरेश चुग, सत्यवती गुप्ता, ललितेश गुप्ता, मनोज शर्मा, समीर चतुर्वेदी, दीपक शर्मा, राजकुमार,नितिन गुप्ता, अशोक अग्रवाल, सुशिल शर्मा आदि मौजुद रहे।



# धर्म, संस्कृति और राष्ट्र पर मंथन करेगा कमला नगर का विराट हिन्दू सम्मेलन

**सम्मेलन के लिए रैली निकाल कर दिया आमंत्रण, किया जनसंपर्क**

एनएनआई



**आगरा।** कमला नगर हिन्दू सम्मेलन समिति की ओर से सनातन संस्कृति के मूल्यों को सुदृढ़ करने और सामाजिक समरसता का संदेश देने के उद्देश्य से विराट हिन्दू सम्मेलन के लिए सरस्वती विद्या मंदिर से आमंत्रण रैली निकली गयी। उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड के अध्यक्ष राकेश गर्ग ने भगवा धवज दिखा कर रैली की शुरूआत की।

आयोजन सचिव मुरारी प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि हिंदू समाज को एकजुट करने को 25 जनवरी को आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय कथा मर्मज्ञ मृदुलकांत शास्त्री, मुख्य वक्ता विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक बड़े दिनेश और विशिष्ट अतिथि साध्वी बृजकिशोरी धर्म, संस्कृति, राष्ट्र और समाज से जुड़े गंभीर विषयों पर बौद्धिक उद्बोधन देंगे।

पार्षद प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन में संत-महात्मा, विद्वान वक्ता एवं समाज प्रबुद्धजन युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने का विशेष प्रयास करेंगे। 22 जनवरी को भूमि पूजन, 23 को वाहन रैली तथा 25 को कमला नगर के सत्यम पार्क में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित होगा। रैली ने पुरे कमला नगर में भ्रमण करते हुए सभी से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में शामिल होने की अपील की। इस अवसर पर नंदी महाजन, श्रीभगवान, राजीव नागरानी, बिजेंद्र सिंह चौहान, अनिल अग्रवाल, अम्बुज भरद्वाज, मोहित, नीरज, श्रुति, मीरा, सीमा, सोनिया, मोहिनी, स्वेता, रश्मि, शकुन, निधि आदि मौजूद रहे।

# भाषा और संस्कृति परस्पर जोड़ने का एक मुख्य सूत्र : दिव्या माथुर

- 'विश्व भाषा के रूप में हिंदी : दशा और दिशा' विषय पर प्रसार व्याख्यान का आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी हिंदी तथा भाषा विज्ञान विद्यापीठ, डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा विद्यापीठ के सूरकक्ष में कुलपति के दिशा निर्देशन में चल रही अंतरराष्ट्रीय प्रसार व्याख्यानमाला के अंतर्गत 'विश्व भाषा के रूप में हिंदी : दशा और दिशा' विषय पर प्रसार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय प्रसार व्याख्यान का आरंभ करते हुए विद्यापीठ के निदेशक प्रो. प्रदीप श्रीधर ने अतिथियों का स्वागत किया और विषय आधारित बीज वक्तव्य दिया। यू. के. लंदन से पधारी वातायन यू.के. की संस्थापक वरिष्ठ लेखिका, इम्प्रेसरियो और अनुवादक दिव्या माथुर ने अपने वक्तव्य में कहा कि -लंदन में मुझे हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति के प्रचार - प्रसार के लिए ज्यादा जाना जाता है बजाय लेखन के। वास्तव में, भाषा और संस्कृति ही एक मुख्य सूत्र है, जिससे हम अपने देशवासियों और भारत से जुड़े रहते हैं। आज विदेश में हिंदी भाषा की दक्षता की मांग बड़ी है। आज विदेशों में भारतीयों का भी मान-सम्मान बढ़ा है। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी से पधारी शिक्षा विभाग में स्पेशल एजुकेशन और हिंदी शिक्षिका तथा लेखिका के रूप में कार्य कर रही रेखा राजवंशी ने अपने वक्तव्य में ऑस्ट्रेलिया में हिंदी की स्थिति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया में हिंदी पढ़ाना एक कठिन काम है, क्योंकि वहाँ हिंदी को अंग्रेजी के माध्यम से व्याकरणिक बारीकियों के साथ पढ़ाना होता है। एक समय था जब ऑस्ट्रेलिया के 6 विश्वविद्यालययों में हिंदी पढ़ाई जा रही थी, अब सिर्फ दो विश्वविद्यालयों में ही हिंदी पढ़ाई जा रही है। वास्तव में, विदेशों में हिंदी का महत्व तब बढ़ेगा,जब उसे जीविका से जोड़ा जा सकेगा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं अतिथियों के अलावा विद्यापीठ के प्राध्यापकगणों में पल्लवी आर्य,डॉ. अमित कुमार सिंह, डॉ. प्रदीप वर्मा, डॉ. आदित्य प्रकाश, डॉ. संदीप शर्मा, डॉ. रमा 'रश्मि', डॉ.शालिनी श्रीवास्तव, डॉ. अंगद, विशाल शर्मा, कृष्णकांत, डॉ संदीप सिंह, डॉ राजेंद्र दवे, उपेंद्र पचौरी, प्रीती यादव तथा कंचन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# टीटीजेड अथॉरिटी के सदस्य बने विजय गुप्ता और इंजीनियर उमेश शर्मा

एनएनआई





**आगरा।** ताजमहल संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण ताज ट्रेपेज़ियम जोन (टीटीजेड) अथॉरिटी में आगरा को एक बार फिर महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व मिला है। केंद्र सरकार द्वारा लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष विजय गुप्ता एवं इंजीनियर उमेश शर्मा को टीटीजेड अथॉरिटी का सदस्य नामित किया गया है। इस नियुक्ति से आगरा के पर्यावरण संरक्षण, उद्योगों के संतुलित विकास और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलने की उम्मीद जगी है। टीटीजेड अथॉरिटी के सदस्य बनाए जाने पर विजय प्रकाश गुप्ता ने इसे सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि यह दायित्व केवल किसी पद का नहीं, बल्कि ताजमहल जैसी विश्व धरोहर, आगरा की अर्थव्यवस्था और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की सुरक्षा से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि वे लंबे समय से उद्योग जगत और पर्यावरण क्षेत्र से जुड़े रहे हैं और उनका दृढ़ विश्वास है कि पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक विकास एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। स्वस्थ पर्यावरण के बिना न तो उद्योग टिकाऊ हो सकता है और न ही रोजगार सुरक्षित रह सकता है। विजय गुप्ता ने स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता टीटीजेड क्षेत्र में ऐसे व्यावहारिक और संतुलित समाधान विकसित करने की होगी, जिनसे एक ओर ताजमहल और पर्यावरण की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित हो और दूसरी ओर स्थानीय व्यापार, उद्योग, कारीगर एवं श्रमिक अनावश्यक रूप से प्रभावित न हों। वहीं इंजीनियर उमेश शर्मा को पुनः एक बार टीटीजेड अथॉरिटी का सदस्य बनाया गया है। उमेश शर्मा पूर्व में भी टीटीजेड के सदस्य रह चुके हैं। उनके कार्यकाल के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उद्योगों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय दिए गए थे।

# मणिकर्णिका घाट पर प्राचीन मंदिरों को तोड़े जाने के विरोध में आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन

एनएनआई



**आगरा।** प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह के निर्देशन में काशी के मणिकर्णिका घाट पर प्राचीन मंदिरों को तोड़े जाने के विरोध में आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों में जिला कलेक्ट्रेट पर एक साथ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी ने इसे हिंदू आस्था, परंपरा और सनातन संस्कृति पर भाजपा सरकार का सीधा हमला बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में पौराणिक मंदिरों का ध्वस्तीकरण सरकार की असली मानसिकता को उजागर करता है। आम आदमी पार्टी ने इस मुद्दे पर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। प्रदेशभर में हुए प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ तीखे नारे लगाए और कहा कि मणिकर्णिका घाट केवल एक घाट नहीं, बल्कि हिंदू धर्म और आस्था का सबसे पवित्र केंद्र है, जहां सदियों से अंतिम संस्कार होते आए हैं और जहां से मोक्ष की मान्यता जुड़ी है। ऐसे पौराणिक स्थल पर स्थित प्राचीन मंदिरों को तोड़ना किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। पार्टी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार विकास के नाम पर इतिहास, संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को मिटाने का षड्यंत्र कर रही है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पंडित सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि मणिकर्णिका घाट पर प्राचीन मंदिरों को तोड़ना हिंदू समाज की आस्था पर सीधा हमला है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि काशी की पहचान, परंपरा और आत्मा के साथ किया गया यह अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आम आदमी पार्टी जनता की आवाज बनकर इस लड़ाई को अंत तक लड़ेगी। इस दौरान प्रदर्शन में प्रमुख रूप से कृष्ण गोपाल उपाध्याय, कलुआ राम ,आसिफ नवाब, इंद्र कुमार वर्मा, सलमान अब्बास, इरफान सैफी,ताजुद्दीन खान, संजय भारती, पंकज चावला, व कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# प्रतियोगिता युवाओं के सर्वांगीण विकास में होते है सहायक

- अंतर जनपदीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किय

एनएनआई



**आगरा।** जनपद में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में अंतर जनपदीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद बहराइच से आए 37 युवाओं का युवा छात्रावास (यूथ हॉस्टल), आगरा में जिला युवा अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार सहगल द्वारा औपचारिक रूप से स्वागत किया गया एवं परिचय सत्र आयोजित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

कार्यक्रम के दौरान बहराइच से आए युवाओं को ट्रैक सूट सहित अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। जिला युवा अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार सहगल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने तथा पोर्टल पर पंजीकरण कर अन्य युवाओं को भी जोड़ने की अपील की।उन्होंने बताया आज कल की युवा पीढ़ी बहुत ही ऊर्जावान है उनकी ऊर्जा को सही दिशा दिखाने का काम भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है । इन सब कार्यक्रमो से सीख कर वह विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी दे सकते है।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में जिला युवा कल्याण अधिकारी विजेंद्र कुमार ने युवाओं को आगरा के ऐतिहासिक स्मारकों, सांस्कृतिक विरासत एवं गौरवशाली इतिहास के बारे में जानकारी दी।

भोजन के उपरांत कार्यक्रम में एम.डी. जैन इंटर कॉलेज के व्याख्याता सत्येंद्र कुमार जैन ने युवाओं के व्यक्तित्व विकास विषय पर व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने आत्मविश्वास, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी राजेंद्र शर्मा, अंकित, आशारानी एवं आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# आर्य समाज मन्दिर में आयोजित की गई गोष्ठी



**आगरा (एनएनआई)।** बृज प्रान्त द्वारा संस्कार भारती के अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष एडवोकेट पूरन चंद अग्रवाल जयंती के अवसर पर बारहवीं नमन काव्य गोष्ठी आर्य समाज मन्दिर, जयपुर हाउस, आगरा पर आयोजित की गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष एडवोकेट सुभाष चंद अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री नन्द नन्दन गर्ग , महानगर अध्यक्ष आर्की राजीव द्विवेदी, कवि और साहित्यकार विजया तिवारी और कार्यक्रम के अध्यक्ष ब्रजभाषा के वरिष्ठ कवि डॉ ब्रजबिहारी लाल बिरजू ने भारतमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। काव्य गोष्ठी में डॉ राजेन्द्र मिलन, विजय तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, अलका शर्मा, राज फौजदार, रचना मिश्रा, नूतन अग्रवाल ज्योति, प्रभुदत्त उपाध्याय, कामेश मिश्रा सनसनी, आचार्य उमाशंकर पाराशर, वीना अब्राहम सिंह, मोहिनी भटनागर, डॉक्टर बृज बिहारी लाल बिरजू, राम अवतार शर्मा, लक्ष्मण सिंह वर्मा, कवयित्री और चित्रकार रश्मि सिंह, रामकथा वाचक योगेश चन्द्र शर्मा योगी, उमाशंकर पाराशर आचार्य, डा सुनीता चौहान, आदि ने भी काव्यपाठ .किया. इस अवसर पर संस्कार भारती के अखिल भारतीय अधिकारी और प्रचारक बांकेलाल, संस्कार भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री विजय कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक और संस्कार भारती के प्रांतीय पालक अधिकारी प्रीतम सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महानगर महामंत्री ओम स्वरूप गर्ग एवं प्रभुदत्त उपाध्याय ने, संयोजन संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री नन्द नन्दन गर्ग ने, धन्यवाद ज्ञापन एड सुभाष चंद अग्रवाल ने किया।

# 26 वें वार्षिक भंडारे और फूल बंगले का पोस्टर विमोचन

एनएनआई




**आगरा।** श्री नन्दी बाबा सेवा मंडल आगरा के द्वारा नंदी महाराज जी के ब्रह्मलोक में जाने के कारण विगत 25 वर्षों से उनकी याद में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी 26 वां विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जिसके सम्बन्ध में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसके सम्बन्ध में पोस्टर विमोचन नंदी बाबा गली, चित्रा टाकिज के पास आगरा पर किया गया। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में अध्यक्ष बब्लू यादव नेता ने बताया कि विगत 25 वर्ष पूर्व नंदी महाराज के पेटे बनाने वाली भट्ठी में गिर जाने के कारण ब्रहमलोक चले गए थे। जिनकी स्मृति में एक मंदिर का निर्माण करा कर उनको याद किया जाता है। विगत 25 वर्षो से भंडारे और फूल बंगले का आयोजन किया जाता है इस वर्ष 22 जनवरी को यह आयोजन 26 वर्ष पूर्ण कर लेगा। पोस्टर विमोचन में मंदिर संरक्षक बब्लू यादव नेता जी, विजय कुमार यादव, हरिओम, लखन, संदीप, सोनू गुर्जर, मोनू, राम, विक्रम जादौन, हर्षित चौहान, राम जादौन, राजकुमार जादौन, पप्पू जादौन, मनोज शर्मा, फिरोज खांन, राजकुमार माहौर, मनीष गोयल, श्याम सुंदर, आकाश, सूरज यादव, कान्हा, कृष्णा, माया देवी, शिवांगी, मोहिनी, गुनगुन, मेघा, वर्षा, राम बेटी, मुन्नी देवी, सरोज देवी, नीरज देवी, गीता, बीना, सुषमा, मीरा, सीमा, ब्रजेश गुर्जर उपस्थित रहे।

# स्मार्ट होंगी ग्राम पंचायतें, बनेंगी आत्मनिर्भर

## ग्राम सभा देंगी व्यावसायिक भवन और कॉलोनियां बनाने की अनुमति, नवीन कॉलोनी, प्लॉट, फैक्ट्री, होर्डिंग, कूड़ा कलेक्शन, पेयजल आपूर्ति आदि पर वसूल सकेंगी टैक्स

एनएनआई

**आगरा।** ग्राम पंचायतों के सीमित संसाधन और शहरों से लगे ग्रामीण क्षेत्रों व बड़ी पंचायतों में बिल्डर्स, डेवलपर/व्यावसायियों द्वारा आवासीय कालोनियों व औद्योगिक भूखंडों, फैक्ट्रियों का विकास, व्यावसायिक गतिविधियों से मार्ग/खड़ंजा, पेयजल सुविधा, प्रकाश व्यवस्था आदि का अतिरिक्त बोझ ग्रामपंचायतों पर पड़ रहा है। इस हेतु जिला पंचायती राज विभाग ने गांव पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने की योजना तैयार की है। इस नई योजना के तहत जनवरी 2026 के बाद गांव सभा क्षेत्र में आवासीय कॉलोनियों और वाणिज्य भवन विकरित करने वालों को ग्राम पंचायत से अनुमति लेना आवश्यक हो जाएगा। वहीं ग्राम सभा अपनी बैठक में शुल्क नियत करते हुए सालाना टैक्स वसूल कर सकेगी तथा उक्त टैक्स ओएसआर खाते में जमा कराया जाएगा।




नवीन योजना के अनुसार कुल क्षेत्रफल में बनाए गए व्यावसायिक या आवासीय भवन की मालियत के हिसाब से भवन स्वामी से सालाना टैक्स वसूला जाएगा। वसूले गए टैक्स को ग्राम सभा की निधि में समाहित किया जाएगा। इसी टैक्स से गांव पंचायत अपना कर अधिकारी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आदि की व्यवस्था कर सकेंगी। विभाग द्वारा उक्त निर्णय गांव पंचायतों में खड़ंजा, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश आदि सुविधाओं के बढ़ते अतिरिक्त बोझ व पंचायतों के सीमित आय के साधनों के कारण लिया गया है। इसके जरिए गांवों में लघु उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, ग्रामीण आंचलिक बाजार,मेले, हाट आयोजित हो सकेंगे, ग्राम सभा का आर्थिक विकास के साथ बेहतर आधुनिक सुविधाओं व इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास किया जा सकेगा।गांव पंचायतों को बेहतर राजस्व की प्राप्ति भी होगी।नया नियम ग्रामीण क्षेत्र की परिधि में आ रहे प्रेक्षागृह, सिनेमाघरों अन्य मनोरंजन कार्यों पर भी लागू होगा।

जिला पंचायत राज अधिकारी मनीष कुमार ने जनपद के सभी ग्राम पंचायतों के प्रधानों व सचिवों को दिशा निर्देश जारी करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत में बनाये जाने वाली कालौनी, बेचे जाने वाले प्लाट एवं निर्मित हो रही व्यवसायिक केन्द्र (फैक्ट्री, होटल, दुकान, नर्सिंग होम आदि) पर वर्ग मीटर की दर से शुल्क ग्राम पंचायत की बैठक में नियत करते हुए निर्धारित शुल्क ओ.एस.आर. खाते में जमा करने के उपरान्त अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत करने के उपरान्त ही निर्माण की गतिविधि की जाए। ग्राम पंचायत में वर्तमान में हो रही व्यवसायिक गतिविधियों एवं साप्ताहिक हाट ,प्रचार हेतु लगाये जाने वाले होर्डिंग पर भी ग्राम पंचायत की बैठक में शुल्क नियत करते हुए निर्धारित शुल्क ओ.एस.आर. खाते में जमा कराया जाय।ग्राम पंचायत संचालित पेयजल योजनाओं वाटर एटीएम, पाइप लाइन पेयजल आपूर्ति पर भी उपभोक्ताओं से भी 50 रुपए प्रति माह की दर से जल शुल्क एकत्रित कर ओ.एस.आर. खाते में जमा करते हुए पेयजल योजनाओं का संचालन किया जाए। ग्राम पंचायत में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण एंव करायी जाने वाली स्वच्छता के कार्यों में भी ग्राम पंचायत की बैठक में निर्धारित शुल्क ओ.एस.आर. खाते में जमा कराया जाय।निर्धारित सभी कर/शुल्क की 'कर सूची' ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत स्वीकृति के उपरान्त क्रियान्वयन किया जायेगा। यह आदेश तत्काल प्रभावी होगा।

# दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र को समर्पित होगा लीडर्स आगरा अवाड्र्स समारोह



एनएनआई

**आगरा।** तपन ग्रुप और लीडर्स आगरा द्वारा आयोजित 14वां लीडर्स आगरा अवाड्र्स समारोह आगामी 22 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। लीडर्स आगरा के अध्यक्ष डॉ पार्थ सारथी शर्मा और महामंत्री सुनील जैन ने बताया कि इस बार सम्पूर्ण लीडर्स आगरा अवाड्र्स कार्यक्रम देश के प्रख्यात दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र को समर्पित कर आगरा से उनको श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस बार यूपी के प्रख्यात क्रिकेटर तथा आगरा के प्रथम रणजी खिलाडी मनमोहन अस्थाना को भी श्रद्धासुमन अर्पित किये जायेंगे। राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर पार्थ सारथी शर्मा, सुनील जैन, पार्षद शरद चौहान,बीजेपी दीनदयाल मण्डल अध्यक्ष राहुल जैन, पूर्व पार्षद आशीष पाराशर, सुनील बग्गा,स्वीटी चौहान रोबिन जैन, हरीकांत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 को, दिलाई जायेगी शपथ

**आगरा (एनएनआई)।** अपर जिलाधिकारी (नगर) व जिला निर्वाचन अधिकारी यमुनाधर चौहान ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी, 2026 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन विभिन्न स्तरों पर किया जायेगा। जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्षों द्वारा अपने अधिनस्थ अधिकारी/कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलायी जायेगी। उन्होंने जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्ष से आग्रह किया है कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी को सुबह 11 बजे अथवा साप्ताहिक अवकाश की स्थिति में 24 जनवरी या 23 जनवरी को अपनी सुविधानुसार शपथ पत्र दिलाने का कार्यक्रम आयोजित कराना सुनिश्चित करें। कार्यकम की वीडियोग्राफी/फोटोग्राफ एवं शपथ लेने वाले सभी उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति का विवरण, प्रमाण-पत्र एवं फोटोग्राफी की सीडी जिला निर्वाचन अधिकारी, कार्यालय में 27 जनवरी तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

# ताजनगरी में निकोबार ने खोला अपना पहला रिटेल स्टोर

एनएनआई

**आगरा।** निकोबार ने आगरा में अपने पहले विशेष रूप से गिफ्टिंग पर केंद्रित स्टोर की शुरूआत की है। अमर लोक, ताज ईस्ट गेट रोड पर इस स्टोर का उद्घाटन किया गया। निकोबार स्टोर को एक ऐसे ठहराव स्थल के रूप में परिकल्पित किया गया है, जहाँ लोग ठहर सकें, सहजता से देख सकें, मनन कर सकें और ऐसे उपहार चुन सकें जो जल्दबाजी में नहीं, बल्कि सोच-समझकर चुने गए हों। समकालीन भारतीय डिजाइन और शिल्प पर आधारित यह स्टोर होम, लाइफस्टाइल और एक्सेसरीज की सोच-समझकर क्यूरेट की गई रेंज प्रस्तुत करता है, जो गिफ्टिंग को केवल अवसरों तक सीमित न रखकर उसके अर्थ और भावना से जोड़ता है।

अमर लोक में स्थित इस स्टोर परिसर में कैफे, रचनात्मक स्टूडियो, रिटेल स्पेस और सामुदायिक क्षेत्र एक साथ मिलते हैं। ओबेरॉय अमरविलास और ताजमहल के निकट स्थित यह स्थान उन यात्रियों और स्थानीय लोगों को आकर्षित करता है, जो खोज, संस्कृति और शिल्प-आधारित जीवनशैली को महत्व देते हैं।

## शिव सेना निकालेगी बाला साहब ठाकरे की जयन्ती पर शोभा यात्रा

**आगरा।** शव सैनिकों द्वारा हिन्दू हृदय सम्राट बाला साहब ठाकरे की जयन्ती को धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया है । प्रेस को सम्बोधित करते हुए जिला प्रमुख वीनू लवानियाँ जी ने कहा कि सम्पूर्ण हिन्दुओं के दिल पर राज करने वाले हिन्दू हृदय सम्राट बाला साहब ठाकरे की जयन्ती को लेकर 23 जनवरी को शिव सेना द्वारा कई कार्यक्रम तय किये गये है। प्रथम चरण में कलैक्ट्रेट चौराहा पर बाला साहब ठाकरे जी की प्रतिमा को स्थापित किये जाने की माँग और ठाकरे साहब के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के लिये भव्य शोभा यात्रा पार्टी मुख्यालय से प्रारम्भ होकर महात्मा गाँधी रोड से भगवान टॉकीज, सिकन्दरा से शाहगंज से खेरिया मोड़ होते हुए, आगरा कैन्ट से सदर बाजार सौदागर लाईन से कलेक्ट्रेट पार्टी मुख्यालय पर समापन होगी।

# हरी खाद का प्रयोग कर आर्गेनिक खेती को बढ़ावा दें किसान

## किसान मेला एवं कृषि गोष्ठी में उठीं खेती—किसानी की समस्याएं

### कृषि विभाग ने दिया समाधान करने का आश्वासन

एनएनआई

**आगरा।** कृषि विभाग, आगरा द्वारा ब्लॉक बरौली अहीर में किसान मेला एवं कृषि गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और अपनी खेती-किसानी से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। कृषि विभाग के अधिकारियों ने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम में कृषि विभाग के तकनीकी सहायक डॉ. शिवदयाल सिंह यादव ने किसानों को खेती-किसानी की आधुनिक तकनीकों तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने किसानों को प्रोत्साहित किया कि सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। किसान नेता सोमबीर यादव ने अपने संबोधन में किसानों से जैविक खेती अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि रासायनिक खादों के बजाय जैविक खादों का प्रयोग किया जाए। विशेष रूप से ढैंचा की हरी खाद का उपयोग कर आर्गेनिक खेती को बढ़ावा दिया जाए। पशुपालक किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि दूध निकालने के लिए आक्सीटोसिन इंजेक्शन का प्रयोग बिल्कुल नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे मानव स्वास्थ्य पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. राधेश्याम ने मोटे अनाज (मिलेट्स) की खेती पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि मोटे अनाजों का सेवन शरीर में ऊर्जा का संचार करता है तथा पोषण से भरपूर होता है। किसानों को इनकी खेती के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए थे, जहां कृषि यंत्रों, बीजों, उर्वरकों तथा अन्य कृषि सामग्रियों की जानकारी उपलब्ध कराई गई।

उप निदेशक कृषि मुकेश कुमार ने किसानों को सरकार द्वारा कृषि यंत्रों पर दी जाने वाली सब्सिडी तथा समय-समय पर योजनाओं में होने वाले बदलावों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसान इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी उत्पादकता बढ़ा सकते हैं।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुकेश कुमार (उप निदेशक कृषि), देवेंद्र रावत (जिलाध्यक्ष किसान संघ), प्रकाश राजपूत, सोमबीर यादव (किसान नेता), मुकेश पाठक (किसान नेता), डॉ. शिवदयाल सिंह यादव (तकनीकी सहायक), मनोज कुमार (तकनीकी सहायक), नीरज कुमार, कल्लू सिंह यादव (प्रगतिशील किसान) इसके अलावा बड़ी संख्या में किसान, कर्मचारी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाह का रहने वाला था लॉरेंस विश्नोई गैंग का शूटर प्रदीप

## दिल्ली क्राइम ब्रांच और राजस्थान पुलिस ने किया है अरेस्ट

- कारोबारी से चार करोड़ की मांगी थी रंगदारी

एनएनआई

**बाह।** दिल्ली के उत्तम नगर से दिल्ली क्राइम ब्रांच एवं राजस्थान पुलिस ने 16 जनवरी को बाह के पक्की तलैया क्षेत्र के रहने वाले लॉरेंस विश्नोई के गैंग के शूटर प्रदीप शर्मा उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया था। क्राइम ब्रांच के मार्च 2025 में लॉरेंस विश्नोई गैंग ने राजस्थान के गंगा नगर के व्यवसायी से 4 करोड़ की रंगदारी मांगी थी। रंगदारी न देने पर शूटर प्रदीप शर्मा उर्फ गोलू ने व्यवसायी के घर पर दहशत फैलाने के लिए फायरिंग की थी। मई 2025 में अपने साथियों के साथ व्यवसायी के घर पर गोलीबारी की। जवाहर थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। जमानत पर छूटने के बाद प्रदीप शर्मा उर्फ गोलू फिर से सक्रिय हो गया था। प्रदीप शर्मा उर्फ गोलू की गिरफ्तारी के साथ ही बाह में चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बतादें कि इससे पहले जनवरी 2023 में लॉरेंस विश्नोई गैंग के 4 शूटर बीकानेर के जयप्रकाश उर्फ जेपी, रिषभ उर्फ यश चन्द्र रजवार, पक्की तलैया बाह के प्रदीप, बड़ागांव के भूपेन्द्र गुर्जर को गिरफ्तार किया था। प्रदीप की फिर से हुई गिरफ्तारी के बाद चर्चाएं गर्म हो गई हैं।




### 4 करोड़ की फिरौती और फायरिंग

मार्च 2025 में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने राजस्थान के जवाहर नगर (गंगानगर) के एक व्यापारी से 4 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी. जब व्यापारी ने पैसे देने से इंकार कर दिया, तो गैंग ने प्रदीप गोलू को फायरिंग का काम सौंपा. मई 2025 में प्रदीप ने अपने साथियों के साथ मिलकर व्यापारी के घर पर गोलियां चलाई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया था.

### हथियारों की सप्लाई

जमानत पर बाहर आने के बाद प्रदीप ने अपराध नहीं छोड़ा. वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग के अन्य सदस्यों को भारी मात्रा में अवैध हथियार और गोला-बारूद सप्लाई करने लगा. हाल ही में राजस्थान पुलिस ने गैंग के चार सदस्यों को हथियारों के बड़े जखीरे के साथ गिरफ्तार किया था, जिसमें जांच के दौरान पता चला कि इन हथियारों का मुख्य स्रोत प्रदीप उर्फ गोलू ही था.

## भूमि विकास बैंक अध्यक्ष पद के लिए रामवरन कुशवाह के निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता साफ



**बाह (एनएनआई)।** भूमि विकास बैंक बाह के अध्यक्ष पद हेतु मंगलवार को सिर्फ एक नामांकन पत्र भाजपा के मंडल अध्यक्ष रामवरन कुशवाह का दाखिल हुआ। जिससे उनके निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता साफ हो गया है। जारी कार्यक्रम के आज बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच, 22 जनवरी को नामांकन पत्र वापस लेने एवं चुनाव चिन्ह आवंटन होगा। जरूरी होने पर 27 जनवरी को मतदान होगा और चुनाव परिणाम घोषित होगा। चुनाव अधिकारी तहसीलदार संपूर्ण कुलश्रेष्ठ भूमि विकास बैंक के शाखा प्रबंधक सोमनाथ वाजपेयी ने बताया कि मंगलवार को सिर्फ एक नामांकन पत्र भरा गया है। भूमि विकास बैंक बाह के चुनाव के लिए भाजपा ने जिला महामंत्री संतोष कटारा, जिलामंत्री मानवेन्द्र सिंह राठौड, संतोष गहलौत, सुनील बाबू, नितिन वर्मा को संयोजक बनाया है। रामवरन कुशवाह के निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता साफ होने पर भाजपाइयों ने फूल माला पहना कर बधाई एवं खुशी का इजहार किया है। इस दौरान राकेश कुशवाह, ब्लॉक प्रमुख लाल सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य महेश कठेरिया, भाव सिंह नरवरिया, सुशील भदौरिया, श्याम शर्मा, रविन्द्र सिंह भदौरिया, निखिल गुप्ता, पवन भदौरिया, उमेश सिसोदिया आदि ने खुशी का इजहार किया।

## फूड इंस्पेक्टर एवं नगर निगम की लापरवाही से बजरंग दल में आक्रोश



**आगरा (एनएनआई)।** थाना जगदीशपुरा क्षेत्र मारुति स्टेट चौराहे के पास मंदिर के पास 3 मीट की दुकानों को चलाया जा रहा है, इस मामले की सूचना विश्व हिन्दू परिषद (बजरंग दल) को मिली मौके पर कार्यकर्ता पहुंचे और प्रशासन को बुला के पूरा मामला अवगत कराना, मामले पर प्रशासन ने नगर निगम और फूड इंस्पेक्टर पर आरोप लगाते हुए बोला कि प्रशासन बजरंग दल के साथ है और जल्द सभी दुकानों को बंद कराया जाएगा। वही विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने 48 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि इस मामले पर कोई कार्यवाही नहीं होती है तो सभी कार्यकर्ता नगर निगम का घेराव करेंगे। मौके पर विहिप सह मंत्री शिवम दुबे , सारांश बजरंगी, शिवम अग्रवाल, अरुण तोमर , कार्तिक मुद्गल, शुभम जैन, सचिन गोला , सूरज रॉय , हिमांशु , पारस आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आरोपियों पर मुकदमा दर्ज को कुशवाहा युवा मंच ने बताया न्याय की जीत



एनएनआई

**आगरा।** नरेंद्र कुशवाह जीवनी मंडी प्रकरण में आरोपी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध आखिरकार मुकदमा दर्ज होना न्याय की दिशा में एक निर्णायक और ऐतिहासिक कदम है। यह कोई सामान्य प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि कुशवाह युवा मंच की निरंतर संघर्षशीलता, सामाजिक जागरूकता और एकजुटता का परिणाम है। इस पूरे घटनाक्रम का श्रेय कुशवाह युवा मंच को जाता है, जिसने प्रारंभ से ही इस गंभीर मामले को मजबूती के साथ उठाया और लगातार न्याय की मांग करता रहा। पूर्व में भाजपा आगरा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष गिर्राज सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में कुशवाह युवा मंच के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से भेंट कर पूरे प्रकरण की विस्तृत जानकारी दी थी। इस दौरान मंच के अध्यक्ष को पुलिस द्वारा नजरबंद किए जाने जैसी घटनाएं भी सामने आईं, किंतु मंच ने अपने कदम पीछे नहीं हटाए। मामले की गंभीरता को समझते हुए उपमुख्यमंत्री ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज करने के स्पष्ट निर्देश दिए। इसके बावजूद स्थानीय पुलिस द्वारा आदेशों की अवहेलना किए जाने पर कुशवाह युवा मंच ने पुनः सख्त रुख अपनाया। इसके बाद कुशवाह युवा मंच का प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ पुलिस अधिकारी रामबदन सिंह से मिला और उपमुख्यमंत्री के आदेशों के बावजूद मुकदमा दर्ज न होने पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारी ने तत्काल मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए, जिसके परिणामस्वरूप आज यह महत्वपूर्ण कार्रवाई संभव हो सकी।

# दूरा में वॉलीबॉल टूर्नामेंट 24-25 जनवरी को

एनएनआई



**फतेहपुर सीकरी।** ग्राम दूरा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के क्रीड़ास्थल में महर्षि दुर्वाषा युवा संगठन के तत्वावधान में तृतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 24 व 25 जनवरी को किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार महिला संवर्ग का फाइनल मुकाबला 24 जनवरी को जबकि पुरुष संवर्ग का फाइनल मुकाबला 25 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। महिला वर्ग में प्रथम व द्वितीय पुरस्कार क्रमशः 5100 व 3100 रुपये, वहीं पुरुष वर्ग में प्रथम व द्वितीय पुरस्कार 11000 व 5100 रुपये निर्धारित किए गए हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष रिपुदमन सिंह ने बताया कि इस टूर्नामेंट में केरल के एरनाकुलम सहित महाराष्ट्र, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश एवं देश के अन्य राज्यों से वॉलीबॉल टीमें प्रतिभाग करने आ रही हैं। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच मिलता है और युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है। समिति द्वारा क्षेत्र के युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की गई है।

# कबड्डी प्रतियोगिता में अछनेरा टीम बनी विजेता

एनएनआई




**फतेहपुर सीकरी।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में अछनेरा टीम विजेता एवं कागारौल टीम उपविजेता रही। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता बाईपास मोड की ओम कॉलोनी में आयोजित की गई जिसमें 6 टीमों अछनेरा, कागारौल, दूरा, मोड़ बाईपास, सीकरी चार हिस्सा एवं ताजपुर नगरिया ने प्रतिभाग किया। फाइनल में अछनेरा कागरोल की टोली को हराकर विजेता बनी। इस दौरान विभाग संगठन मंत्री सुशील कुमार, विभाग संयोजक योगी ,विभाग सहसंयोजक भूपेंद्र शर्मा ,सीकरी जिला उपाध्यक्ष ओमी टीकरी ,जिला सह मंत्री मनोज शर्मा, प्रखंड संयोजक काला प्रधान, राहुल, दीपक पाराशर, सागर चौधरी, निपुण चौधरी, विश्वेंद्र और मोहित आदि का प्रमुख रूप से सहयोग रहा।

## संपादकीय

# एकनाथ शिंदे और मोलभाव की सियासत

महाराष्ट्र के नगर निगम चुनाव में भाजपा को अभूतपूर्व और प्रचंड जनादेश मिला है। एक तरफ बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) में पुरानी शिवसेना का वर्चस्व और शासन समाप्त किया है, तो दूसरी तरफ पुणे में शरद पवार के परंपरागत गढ़ को ध्वस्त किया है। भाजपा ने भी ऐसे जनादेश की कल्पना नहीं की थी। महत्वपूर्ण यह रहा कि ये चुनाव प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के बड़े नेताओं के प्रचार के बिना ही लड़े गए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ही चौतरफा नेतृत्व किया और परिणाम सामने है। जाहिर है कि फडणवीस का भाजपा के भीतर राजनीतिक कद बढ़ेगा। बहरहाल जनादेश की दृष्टि से शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और कांग्रेस भाजपा से कई गुना पीछे रह गई हैं। सबसे शानदार और उल्लेखनीय जीत बीएमसी की रही है। लेकिन अकेली भाजपा के 89 पार्षदों के बावजूद बीएमसी में बहुमत नहीं है। भाजपा-शिवसेना (शिंदे) ने महायुति वाले गठबंधन के तहत ही चुनाव लड़ा था। शिवसेना के 29 पार्षद जीते हैं। साझा गठबंधन को सदन में 118 पार्षदों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल है। सत्ता से बाहर हो रही शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की मनसे ने 20 साल बाद गठबंधन में चुनाव लड़ा था। उन्हें 71 पार्षद मिले हैं। मराठी मानुष, मराठा, मराठी भाषा के प्रचार को जनता ने खारिज कर दिया। अब मराठा सियासत के कई साझेदार हो गए हैं, जिनमें भाजपा और शिंदे सेना भी शामिल है। बेशक ठाकरे घराने की चुनावी पराजय हुई है, लेकिन पार्टी संस्थापक बाला साहेब ठाकरे की विरासत अब भी अस्तित्व में है। अब उपमुख्यमंत्री शिंदे की शिवसेना के 29 पार्षदों को ताज होटल में, गहरे पहरे के साथ, रखा गया है। पार्षदों में से ही आवाज उभरी है कि मुंबई का मेयर अढाई-अढाई साल का होना चाहिए। सियासत यहीं से आरंभ होती है। यदि शिवसेना किसी भी स्थिति में भाजपा के पंचसाला मेयर के लिए तैयार नहीं हुई, तो क्या शिंदे की शिवसेना घर-वापसी करते हुए उद्धव की शिवसेना के साथ कोई समझौता कर सकती है? हालांकि उद्धव का साफ कहना है कि जिन्होंने हमारी पार्टी तोड़ी थी, उनके लिए हमारे दरवाजे बिल्कुल बंद हैं, लेकिन उन्हीं के सांसद प्रवक्ता संजय राउत ने धमकी वाला बयान दिया है कि भाजपा-शिवसेना के बीएमसी में 4 पार्षद ही बहुमत से अधिक हैं, लिहाजा कभी भी तख्तापलट किया जा सकता है। पर लगता है कि मुंबई में मेयर तो भाजपा का ही बनेगा लेकिन उसके लिए एकनाथ शिंदे को मनाने में भाजपा को बड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। खासतौर से मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस को। एकनाथ शिंदे किंगमेकर हैं। तभी शिंदे ने ढाई ढाई साल के लिए मेयर पद भाजपा और शिव सेना के बीच बांटने की शर्त रखी है। हालांकि भाजपा इसके लिए तैयार नहीं होगी। दरअसल शिंदे मुंबई में ढाई साल के लिए अपना मेयर बनाने की जो बात कर रहे है वह सिर्फ पोजिशनिंग है। उन्होंने इसे बाला साहेब ठाकरे की सौवीं जयंती से जोड़ कर कहा है कि उनको श्रद्धांजलि देने के लिए किसी शिव सैनिक को मेयर बनाया जाना चाहिए। अगर वे सचमुच ऐसा चाहते तो उद्धव ठाकरे की शिव सेना का मेयर बनवा देते। गौरतलब है कि उद्धव की शिव सेना के 65 और मनसे के छह पार्षद जीते हैं। कांग्रेस के 24 पार्षद हैं।बहरहाल, एकनाथ शिंदे की नजर कम से कम तीन मेयर अपने बनाने पर है। वे मुंबई के बहाने मोलभाव कर रहे हैं उल्लहासनगर और कल्याण डोंबिवली के मेयर पद के लिए। गौरतलब है कि उल्लहासनगर में भाजपा और एकनाथ शिंदे की शिव सेना अलग अलग लड़े थे। वहां भाजपा को 37 और एकनाथ शिंदे की पार्टी के 38 पार्षद हैं। 78 सदस्यों की नगरपालिका में मेयर बनाने के लिए 39 की जरुरत है। कांग्रेस के दो और वंचित बहुजन अघाड़ी का एक पार्षद है। वहां भाजपा अपना मेयर बनाना चाहती है। इसी तरह कल्याण डोंबिवली का मामला है। शिंदे के बेटे श्रीकांत वहां से सांसद हैं। शिंदे की पार्टी को 52 और भाजपा को 51 सीटें मिली हैं, जबकि 122 के सदन में मेयर के लिए 62 वोट की जरुरत है। वहां हर हाल में शिंदे को अपना मेयर बनाना है। ठाणे में तो खैर उनकी शिव सेना को बहुमत के लिए जरूरी आंकड़े से ज्यादा सीटें हैं तो वहां समस्या नहीं है। तीन शहरों में मेयर पद के मोलभाव के साथ साथ कहीं न कहीं शिंदे को अपने पार्षद टूटने का खतरा भी दिख रहा है। उनको लग रहा है कि मुख्यमंत्री फड़नवीस उनके पार्षदों को तोड़ सकते हैं। इसलिए भी वे सावधानी बरत रहे हैं।



# घुटनों का दर्द

## चलना-फिरना हो गया है मुश्किल तो ऐसे पाएं इससे आराम

अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त होने से भी आपके घुटने के जोड़ों पर तनाव बढ़ जाता है, इसके कारण सामान्य गतिविधियां जैसे चलने या सीढ़ियां चढ़ने तक में भी कठिनाई होती है। इसके अलावा शारीरिक निष्क्रियता भी घुटने के दर्द की समस्या को बढ़ाने वाली हो सकती है। घुटने और जोड़ों के दर्द की समस्या आम होती जा रही है। पहले ये अक्सर बुजुर्गों में देखी जाती थी पर जिस तरह से लोगों की लाइफस्टाइल खराब हो गई है, युवाओं में भी जोड़ों की समस्याएं काफी बढ़ गई है। ऑफिस में लंबे समय तक बैठकर काम करना, अधिक वजन और शारीरिक गतिविधियों में कमी के चलते बड़ी संख्या में लोग दर्द से परेशान देखे जा रहे हैं।

घुटना हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण जोड़ होता है, जो चलने, उठने-बैठने, सीढ़ियां चढ़ने और रोजमर्रा के कामों में मदद करता है। यही कारण है कि घुटनों में होने वाली किसी भी समस्या का असर पूरे शरीर पर पड़ सकता है। समय रहते इसके कारणों को समझना और सही इलाज करना जरूरी है। इसे अगर नजरअंदाज कर दिया जाए तो सर्जरी तक की नौबत आ सकती है।

घुटने और जोड़ों के दर्द का सबसे बड़ा कारण ऑस्टियोआर्थराइटिस है, इसमें समय के साथ जोड़ों की कार्टिलेज घिसने लगती है। इस तरह की दिक्कतों से बचे रहने के लिए कम उम्र से ही सतर्क हो जाना चाहिए।

### पूरे शरीर पर हो सकता है असर

घुटनों का दर्द पूरे शरीर को प्रभावित कर सकता है। दर्द के कारण चलना-फिरना कम हो जाता है, जिससे मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। शारीरिक गतिविधि घटने से वजन बढ़ता है और हृदय, शुगर व ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। घुटने में होने वाला दर्द वैसे तो गंभीर नहीं होता लेकिन चोट, ऑस्टियोआर्थराइटिस, जोड़ों में तनाव आदि का अगर समय रहते इलाज न किया जाए तो इसके गंभीर रूप लेने का खतरा हो सकता है।

### घुटनों की समस्या से बचाव के लिए व्यायाम जरूरी

नियमित व्यायाम की आदत आपके घुटने की समस्याओं को कम करने में मददगार हो सकती है। स्ट्रेंथ ट्रेनिंग व्यायाम, क्वाड्रिसेप्स और हैमस्ट्रिंग की मांसपेशियों को केंद्रित करती है, जिससे दर्द को कम करने में मदद मिल सकती है। शरीर के सक्रिय रहने से वजन को नियंत्रित करने और मांसपेशियों को स्वस्थ रखने में मदद मिलती है, इससे भी घुटनों को स्वस्थ रखा जा सकता है। गठिया जैसी समस्याओं से बचाने में भी व्यायाम की भूमिका महत्वपूर्ण है।

### सूजन कम करने वाले आहार का करें सेवन

ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर आहार जैसे अखरोट, अलसी और मछली सूजन कम करने में मदद करते हैं। वहीं कैल्शियम और विटामिन-डी हड्डियों को मजबूत बनाते हैं। इससे भरपूर चीजों को नियमित रूप से आहार का हिस्सा बनाएं। ये पोषक तत्व शरीर को स्वस्थ रखने के साथ घुटनों की दिक्कतों को भी कम करते हैं। इसके अलावा प्रोसेस्ड फूड और ज्यादा नमक-सुगर सूजन बढ़ा सकते हैं, इसलिए इनसे बचना चाहिए।

### वजन को रखें कंट्रोल

शरीर का अधिक वजन, घुटने के दर्द को बढ़ाने वाला हो सकता है। यह गठिया के भी कारणों में से एक है। वजन अधिक होने से जोड़ों पर दबाव बढ़ता है जिससे वहां की मांसपेशियां प्रभावित हो सकती हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि अगर नियमित व्यायाम किया जाए तो यह वजन को कंट्रोल में रखने और आर्थराइटिस के खतरे को कम करने में मदद कर सकती है।

### जूतों का सही चयन जरूरी

अक्सर हम सभी ध्यान नहीं देते हैं पर खराब क्वालिटी के जूते, ऊंची एड़ी वाली सैंडिल भी जोड़ों और घुटनों में समस्याओं का कारण बन सकती हैं। इसलिए अच्छे और आरामदायक जूते पहनें। विशेषतौर पर जिन लोगों को गठिया की दिक्कत है उन्हें इसपर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। सही जूते एड़ी और घुटनों की कई प्रकार की समस्याओं से आपको बचाने में मददगार हो सकते हैं।





# परवीन बॉबी हुईं थी गुमनाम मौत का शिकार

दो दिन तक अखबार और घर का सामान दरवाजे पर ही पड़ा रहा, किसी ने दो दिन तक घर का दरवाजा नहीं खोला। सोसायटी के सेक्रटी को संदेह हुआ कि कुछ दिक्कत है। पुलिस को फोन किया गया। घर का दरवाजा खोला गया, सामने का नजारा विचलित करने वाला था, बॉलीवुड की सबसे मशहूर और सुंदर अदाकारा मृत पड़ी थीं। नाम था, परवीन बॉबी। 70 और 80 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वाली परवीन बॉबी को एक गुमनाम मौत मिली। आखिर बॉलीवुड की सबसे चर्चित और अपने समय की सबसे बोल्ड एक्ट्रेस की ऐसी नियति कैसे हुई? परवीन बॉबी किसी सामान्य परिवार से नहीं आती थीं, उनका संबंध एक नवाब परिवार से था। पिता वली मोहम्मद खान बॉबी जूनागढ़ के आखिरी नवाब थे। परवीन बॉबी का जन्म अपने माता-पिता की शादी के 14 साल बाद हुआ। 4 अप्रैल 1954 को जूनागढ़ के सौराष्ट्र (अब गुजरात में) के शाही परिवार में वह जन्मी थीं। 54 कमरों की हवेली में उनका लालन-पालन हुआ। पढ़ाई भी सेंट जेवियर्स जैसे नामी कॉलेज से हुई। पढ़ाई के बाद परवीन बॉबी ने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरूआती की। परवीन का मॉडलिंग करियर 1971 में शुरू हुआ, यही एक फिल्ममेकर की नजर उन पर पड़ी और फिल्मी सफर की कहानी शुरू हुई। 1973 में फिल्म 'चरित्र' से परवीन बॉबी ने बॉलीवुड में कदम रखा। पहली फिल्म में उनकी एक्टिंग, ब्यूटी को सराहा गया। परवीन के पास फिल्मों के ऑफर आने लगे। परवीन बॉबी ने अमिताभ बच्चन के साथ लगभग 8 से 10 फिल्में की, जो काफी हिट रहीं। इसमें 'अमर अकबर एंथोनी' से लेकर 'दीवार' और 'कालिया' जैसी फिल्में शामिल थीं। सिर्फ अमिताभ ही नहीं, शशि कपूर, संजय खान जैसे कई नामी एक्टर्स के साथ परवीन बॉबी ने बड़े पर्दे पर अभिनय किया।

# 'माना शंकरा वरप्रसाद गारू' की सफलता से गदगद चिरंजीवी, टीम और प्रशंसकों का जताया आभार



सुपरस्टार चिरंजीवी की हालिया रिलीज फिल्म 'माना शंकरा वरप्रसाद गारू' बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है। 12 जनवरी को रिलीज हुई इस एक्शन-कॉमेडी फिल्म ने अब तक 230 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है और इसे तेलुगु सिनेमा की बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में गिना जा रहा है। फिल्म की जबरदस्त सफलता से उत्साहित चिरंजीवी ने खास अंदाज में अपनी खुशी जाहिर की और प्रशंसकों के साथ पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दर्शकों का प्यार और समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। चिरंजीवी ने लिखा कि 'माना शंकरा वरप्रसाद गारू' को मिल रहा अपार स्नेह उनके लिए बेहद भावुक कर देने वाला है और यह सफलता पूरी तरह दर्शकों और टीम की मेहनत का नतीजा है। अभिनेता ने यह भी कहा कि दशकों से उनके साथ खड़े प्रशंसकों का प्यार ही उन्हें लगातार बेहतर करने की प्रेरणा देता है। पर्दे पर तालियों और सीटियों की गूंज उनके लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है। चिरंजीवी ने निर्देशक अनिल रविपुडी की जमकर सराहना करते हुए उन्हें लगातार हिट देने वाला निर्देशक बताया और फिल्म के निमार्ता व पूरी टीम को इस कामयाबी के लिए बधाई दी। एक्शन, कॉमेडी और भावनाओं के संतुलित मेल के चलते फिल्म को हर वर्ग के दर्शकों का समर्थन मिल रहा है। यही वजह है कि माना शंकरा वरप्रसाद गारू चिरंजीवी के करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में शामिल हो गई है और बॉक्स ऑफिस पर इसकी रफ्तार अभी भी बरकरार है।



# आउटसाइडर होने की वजह से बॉलीवुड में रकुल प्रीत ने झेली परेशानी

एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने यूथ कॉन्क्लेव में शिरकत की। यहां उन्होंने अपनी फिटनेस जर्नी, काम और आउटसाइडर होने को लेकर बात की। रकुल ने बताया कि आउटसाइडर को बॉलीवुड में काम के मौके मिलते हैं लेकिन मेहनत ज्यादा करनी पड़ती है। आउटसाइडर के तौर पर बॉलीवुड में जगह बनाई, रकुल के लिए कितना स्ट्रगल था इस पॉजिशन को बनाने के लिए। इस सवाल के जवाब में रकुल ने कहा कि ये सोच की बात है। मैं इंडस्ट्री से नहीं हूं। मैंने ये डिसाइड किया कि मैं एक एक्टर बनूं। जैसा आपने कहा कि इंडस्ट्री में जमे जमाए लोग हैं, कितने मौके आपको मिलते हैं। ऐसा नहीं है कि मौका नहीं मिलता है। लेकिन ये मौका पाने में समय ज्यादा लगता है। आगे उन्होंने कहा, मुझे डायरेक्टर-प्रोड्यूसर ऑडिशन पर बुलाएंगे या नहीं। उन तक कैसे पहुंचू, पहले कुछ साल ये बताने में निकल जाते हैं कि हैलो मैं हूं। आपको काम के लिए भटकना पड़ता है। मैं कास्टिंग डायरेक्टर्स को फोन करती थी, वो भी फोन नहीं उठाते थे। क्योंकि हजारों लोग एक्टर बनने जाते हैं। आपके शुरूआत के कुछ साल कठिन होते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि मौका नहीं मिलता है। वो जर्नी थोड़ी लंबी होती है। मुझे इसे लेकर पता था। मेरा माइंड तैयार था। मुझे पता था कि मेरा कोई कनेक्ट नहीं है। तो मुझे पता था कि मुश्किल होगा। आप भ्रम में नहीं रह सकते हैं कि पहले ही ऑडिशन में ही सब हो जाएगा। आप मेहनत करनी पड़ती है। लेकिन अगर आप अच्छे हैं तो काम मिलेगा। इसके अलावा रकुल प्रीत ने कहा, मैं नेपोटिज्म पर बात नहीं करती। क्योंकि मेरी जर्नी लंबी रही है। लेकिन मेरे बच्चों के लिए मैं वो सब करूंगी जो कर सकती हूं। ऐसे ही भारत में जेनरेशन बिजनेस काम करते हैं। मुझे लगता है कि सबकी जर्नी थोड़ी अलग हो सकती है। आज कई ऐसे बड़े स्टार्स हैं जो आउटसाइडर हैं। रकुल प्रीत सिंह ने अपनी खुशी और फिटनेस को लेकर रिएक्ट किया। रकुल ने कहा, मुझे लगता है कि खूबसूरती बाहर से नहीं होती। आप जब अंदर से खुश होते हैं तो वो आपके चेहरे पर दिखती है। आप कैसे इंसान हैं, आप प्रेशर कैसे लेते हैं। आपका आउटलुक क्या है। ये सब आपके चेहरे पर दिखता है। बाकी ऑडियंस का प्यार झलकता है।

वर्ल्ड कप से पहले भारत की आखिरी टी-20 परीक्षा

# आज नागपुर में न्यूज़ीलैंड से भिड़ंत



नागपुर। टी-20 विश्व कप से पहले भारतीय क्रिकेट टीम आज से अपनी आखिरी टी-20 सीरीज की शुरूआत करने जा रही है। नागपुर के विदर्भ क्रिकेट मैदान पर खेले जाने वाले पहले मुकाबले में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम इंडिया का सामना न्यूजीलैंड से होगा। मैच शाम सात बजे शुरू होगा। पांच मैचों की यह सीरीज भारत की विश्व कप तैयारियों का अंतिम इम्तिहान मानी जा रही है। टीम इंडिया को सात फरवरी से घरेलू सरजमीं पर टी-20 विश्व कप खेलना है, ऐसे में चयन और संयोजन पर सबकी नजरें टिकी होंगी। कप्तान सूर्यकुमार यादव के प्रदर्शन पर खास ध्यान रहेगा, जो पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आए हैं। चोट के कारण तिलक वर्मा सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह ईशान किशन को नंबर तीन पर बल्लेबाजी का मौका मिलेगा। ओपनिंग की जिम्मेदारी संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा संभालेंगे। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी टीम में वापसी हो रही है, जिससे संतुलन मजबूत हुआ है। हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में मिली हार के बाद भारतीय टीम के पास टी-20 सीरीज में जवाब देने का मौका है। घरेलू मैदान पर भारत का रिकॉर्ड बेहतर रहा है और टीम ने यहां अधिकतर मुकाबलों में जीत दर्ज की है।

# अमेलिया वाल्वेर्डे भारतीय महिला फुटबॉल टीम की मुख्य कोच बनीं

**एएफसी एशियाई कप से पहले हुई नियुक्ति**



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मंगलवार को कोस्टा रिका की अमेलिया वाल्वेर्डे को भारतीय सीनियर महिला टीम की मुख्य कोच बनाया। 39 वर्ष की अमेलिया अंताल्या में भारतीय टीम के शिविर में पहुंच गई हैं। भारतीय टीम मार्च में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 की तैयारी कर रही हैं। 15 बरस पहले कोचिंग करियर की शुरूआत करने वाली अमेलिया 2015 से 2023 तक कोस्टा रिका महिला टीम की कोच रहीं। उनके कार्यकाल में कोस्टा रिका ने 2015 और 2023 फीफा महिला विश्व कप में भाग लिया। वह 2015 विश्व कप में 28 वर्ष की थी और सबसे युवा मुख्य कोच रहीं। इससे पहले वह कोस्टा रिका सीनियर और अंडर 20 महिला टीमों की कोच रहीं। उनके साथ गोलकीपिंग कोच एली अविला और स्ट्रेंथ तथा कंडीशनिंग कोच जोस सांचेज भी टीम से जुड़ेंगे।

# दिल्ली कैपिटल्स ने सात विकेट से जीता मैच

**मुंबई ने लगाई हार की हैट्रिक; जेमिमा का पचासा**

**वडोदरा।** दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स के नाबाद अर्धशतक की मदद से महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मुकाबले में मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराया। मुंबई इंडियंस ने नताली सिवर ब्रंट के नाबाद अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट पर 154 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने एक ओवर शेष रहते तीन विकेट पर 155 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। मुंबई इंडियंस की यह लगातार तीसरी हार है।

लगातार तीन मैच में हार के बावजूद मुंबई इंडियंस की टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर मौजूद है। मुंबई के छह मैचों में दो जीत और चार हार के साथ चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर बरकरार है। वहीं, जीत की पटरी पर लौटने वाली दिल्ली कैपिटल्स को फायदा हुआ है और वह चौथे स्थान पर आ गई है। दिल्ली के पांच मैचों में दो जीत और तीन हार के साथ चार अंक हैं।

लक्ष्य का पीछा करते हुए शेफाली वर्मा और लिजेले ली ने दिल्ली को अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए 63 रनों की साझेदारी हुई। शेफाली और लिजेले की बीच साझेदारी और बड़ी होती उससे पहले ही डेब्यू मैच खेलने वाली वैष्णवी शर्मा ने उन्हें बोल्ड कर दिया। शेफाली 24 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 29 रन बनाकर आउट हुईं। लिजेले अर्धशतक लगाने की ओर बढ़ रही थीं, लेकिन स्टंप आउट होकर पवेलियन लौट गईं। लिजेले 28 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुईं।



### जेमिमा की कप्तानी पारी

इसके बाद लाउरा वोलवार्ट रन आउट हो गईं। वोलवार्ट ने 19 गेंदों पर 17 रन बनाए। हालांकि, कप्तान जेमिमा ने मोर्चा संभाला और 36 गेंदों पर अर्धशतक लगाया। तीन विकेट गिरने के बाद जेमिमा ने आक्रामक अंदाज में खेलना शुरू किया और टीम को छह गेंदें शेष रहते जीत दिलाई। जेमिमा 37 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 51 रन बनाकर नाबाद लौटीं, जबकि मारिजाने काप छह गेंदों पर एक छक्के की मदद से 10 रन बनाकर नाबाद रहीं।

ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मालास्जुक ने रचा इतिहास

# अंडर-19 विश्व कप का सबसे तेज शतक लगाया

**विंडहोक।** ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के बल्लेबाज विल मालास्जुक ने आईसीसी अंडर 19 विश्व कप में इतिहास रच दिया है। मालास्जुक ने टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे तेज शतक लगा दिया है। उन्होंने जापान के खिलाफ सिर्फ 51 गेंदों में शतक लगाया जिसकी मदद से ऑस्ट्रेलिया ने टी20 विश्व कप में मंगलवार को जापान को आठ विकेट से मात दी। विल ने 55 गेंद में 102 रन बनाए और 202 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को आसान जीत दिलाई। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने सुपर सिक्स चरण में प्रवेश कर लिया है। जापान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में आठ विकेट पर 201 रन बनाए थे।



## बुधवार, 21 जनवरी राशिफल

मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन आर्थिक मामलों में मिलाजुला रहेगा। आज चंद्रमा का गोचर आपकी राशि से ग्यारहवें भाव में होने जा रहा है, ऐसे में आज आपको आर्थिक लाभ तो मिलेगा लेकिन इसके साथ ही साथ आपका खर्च भी आज बढ़ा हुआ रहेगा।

वृषभ राशि के जातकों के लिए आज बुधवार का दिन अच्छा रहेगा। आप आज बुद्धि और कार्यकुशलता से लाभ ले पाएंगे। कार्यक्षेत्र में आज आपको कूटनीति और चतुराई का लाभ मिलेगा। आपको आज मित्रों और सहकर्मियों से भी सहयोग मिलेगा।

मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन शुभ लाभदायक रहेगा। आपकी राशि से भाग्य भाव में आज चंद्रमा का गोचर हो रहा है। आप चतुर बुद्धि और वाणी कुशलता से कार्यक्षेत्र में लाभ प्राप्त कर पाएंगे। नौकरी मे आज का दिन आपका अनुकूल बीतेगा।

कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिश्रित रहने वाला है। आज चंद्रमा का गोचर अष्टम भाव में हो रहा है। जबकि चंद्रमा के साथ राहु भी युति बना रहे हैं। ऐसे में कर्क राशि के जातकों को आज मानसिक तनाव और उलझनों का सामना करना होगा।

सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन कुल मिलाकर अनुकूल रहेगा। आपको आज कार्यक्षेत्र में कुछ उलझन होगी लेकिन अधिकारी वर्ग से सहयोग और प्रोत्साहन से आप स्थिति को संभालने में सफल रहेंगे। आपको पूर्व में किए गए किसी काम का भी फायदा मिलेगा।

कन्या राशि के जातकों के लिए आज बुधवार का दिन मिश्रित रहेगा। आपको अपनी बुद्धि को स्थिर रखना होगा, क्योंकि आज मानसिक द्वंद की स्थिति बनी रहेगी। नौकरी में विरोधी और शत्रु आज सतर्क रहेंगे जिससे आपको इनसे सतर्क रहने की जरूरत है।

तुला राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आपकी राशि से आज चंद्रमा का गोचर पंचम भाव में हो रहा है जो आपके लिए सामान्य रूप से अच्छा है। आपको पारिवारिक जीवन में आज जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। संतान की ओर से भी आपको आज सहयोग मिलेगा।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज बुधवार का दिन सुखद रहेगा लेकिन आज सुख साधनों पर आपको धन भी खर्च करना होगा। नौकरी में आज आपको विपरीत लिंगी साथी सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। जिन जातकों के काम का संबंध विदेश से है उनको आज उन्नति का विशेष अवसर प्राप्त होगा।

धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन साहस और उत्साह से भरपूर रहेगा। लेकिन आज क्रोध और खीज आपको नुकसान दे सकती है इसलिए आपको संयमित रहना होगा। आपके सितारे बताते हैं कि आपकी राशि से चंद्रमा का गोचर तीसरे भाव में हो रहा है जो आपके लिए मिलाजुला रहेगा।

मकर राशि के जातकों के लिए आज बुधवार का दिन बुध और सूर्य की युति से लाभप्रद रहेगा। आपकी राशि में बना बुधादित्य योग आपको सरकारी पक्ष से लाभ दिला सकता है। नौकरी में आपका दिन अनुकूल बीतेगा। आपको दोस्तों और साथी सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन मानसिक उलझन वाला रहेगा। आज आपकी राशि में चंद्रमा का गोचर होने से चंद्रमा और राहु की युति होगी। आपको आज नौकरी में चतुराई और अनुभव का फायदा मिलेगा। लेकिन आपको आज विरोधियों से सतर्क रहना होगा।

मीन राशि के जातकों के लिए आज का दिन सामान्य रूप से अच्छा रहेगा। आपको आज भाग्य आर्थिक लाभ दिलाएगा। कार्यक्षेत्र में आज आपको पूर्व में किए काम और अनुभव का लाभ मिलेगा। जो लोग तकनीकी क्षेत्र के काम से जुड़े हुए हैं उनको आज उन्नति का मौका मिलेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

## श्रीमद् भागवत कथा में व्यास साध्वी ने परीक्षित प्रसंग का किया वर्णन

एनएनआई



**आगरा।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आगरा क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी , हनुमान पार्क में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है । कथा के प्रथम दिवस दिव्य गुरु सतगुरु आशुतोष महाराज की शिष्या कथा व्यास साध्वी भाग्यश्री भारती ने परीक्षित प्रसंग को भक्तगणों के समक्ष रखा । प्रसंग के माध्यम से कथा व्यास ने समझाया कि परीक्षित की तरह ही हर एक मनुष्य की मृत्यु सात दिवसों में कभी भी किसी पल हो सकती है । जिस प्रकार मनुष्य जीवन को संवारने की सोचता है पर मृत्यु जो अटल सत्य है उसको सुधारने के संबंध में कोई भी विचार नहीं करता है, लेकिन संत समझाते है कि मृत्यु भी सवारी जाती है । संतो का कहना है जिस मरने से जग डरे मेरे मन आनंद , मरने ही ये पाइए पूर्ण परमानंद। कथा व्यास जी समझाते हुए कहती है कि इसलिए मनुष्य को सदा संतो की शरण में जाकर वो कर्म करना चाहिए जिससे मानुष का जीवन भी सुधरे और उसकी मृत्यु भी सुधरे जाए । कथा में साध्वी परमा भारती , साध्वी मंदाकिनी , साध्वी कात्यायनी भारती , साध्वी हरआत्मजा भारती इत्यादि संत समाज ने सभी के समक्ष सुमधुर भजनों को भी रखा, जिन्हें श्रवण कर संगत झूम उठी । इस अवसर पर साध्वी करुणा भारती,रिचा भारती कुमकुम कुलश्रेष्ठ, मुकेश कुलश्रेष्ठ संयम जैन आदि रहे।

## डॉ. अनुपम श्रीवास्तव ने मिसेज इंडिया कॉन्टेस्ट टॉप 10 में हासिल किया स्थान



**आगरा** (एनएनआई)। जयपुर में आयोजित मिसेज इंडिया कॉन्टेस्ट 2026, जिसे इंडिया द्वारा ऑगेर्नाइज किया गया, में आगरा की बेटी डॉ. अनुपम श्रीवास्तव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप 10 में स्थान प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से आई प्रतिभागियों के बीच डॉ. अनुपम की यह उपलब्धि आगरा के लिए गर्व का विषय बनी है। डॉ. अनुपम श्रीवास्तव एक मॉडल और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर होने के साथ-साथ ब्लू वर्ल्ड नामक इवेंट कंपनी की डायरेक्टर भी हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर उनके हजारों फॉलोअर्स हैं, जो उनकी लोकप्रियता और प्रभाव को दर्शातें हैं। फैशन जगत में डॉ. अनुपम एक जाना-पहचाना नाम हैं और अब तक वे दर्जनों फैशन शोज में शो-स्टॉपर की भूमिका निभा चुकी हैं। उनकी उपलब्धियां यहीं तक सीमित नहीं हैं। डॉ. अनुपम कोलकाता में आयोजित फिल्म फेस्टिवल की प्रतिभागी भी रह चुकी हैं। इसके अलावा वे असम के एक सुप्रसिद्ध साड़ी ब्रांड की ब्रांड एंबेसडर हैं, जहां उन्होंने भारतीय पारंपरिक परिधान को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है। मॉडलिंग के क्षेत्र में डॉ. अनुपम का अनुभव अंतरराष्ट्रीय स्तर तक फैला हुआ है। वे देश के विभिन्न शहरों के साथ-साथ मिलान, इटली सहित अन्य देशों में भी मॉडलिंग कर चुकी हैं, जिससे उन्होंने भारतीय प्रतिभा को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया है। मिसेज इंडिया कॉन्टेस्ट 2026 में उनकी इस सफलता पर आगरा के फैशन, सामाजिक और व्यावसायिक जगत में हर्ष का माहौल है।

## वाल्मीकि समाज ने मोहल्ले बस्तियों में विकास कराने को किया नगर निगम में प्रदर्शन



एनएनआई

**आगरा।** वाल्मीकि महा पंचायत आगरा के अध्यक्ष तख्त चौधरी गौरव वाल्मिकि के नेतृत्व में समाज के लोगों ने नगर निगम परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया और अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार को मांग पत्र भी सौंपा प्रदर्शन के दौरान गौरव वाल्मिकि ने बताया कि वाल्मीकि समाज के मोहल्ले बस्तियों में सफाई न होने के कारण समाज के लोग नरकीय जीवन जी रहे हैं । गंदगी के कारण गंभीर बीमारी उत्पन्न हो रही है छोटे छोटे बच्चे उन बीमारियों से ग्रस्त हो रहे है सड़कें खुदी पड़ी हैं । नालियां बनी नहीं है |समाज के धार्मिक स्थलों पर लाइट की कोई व्यवस्था नहीं ह। बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत हो रही है । पानी भी समय से नहीं आ रहा है पूरा समाज नगर निगम ओर शहर वासियों की अपनी सेवा देता है और उन्हीं के मोहल्ले बस्तियों की ऐसी दुर्दशा बड़ी निंदनीय है और कहा कि नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा मृतक आश्रितों को 2.2 साल में भी नियुक्ति नहीं दी जा रही हैं बाहरी तत्व कमरा नंबर 132 पर कब्जा करके बैठे है उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए । गौरव वाल्मिकि ने अंत में बताया कि एक सप्ताह में अगर समाज के मोहल्ले बस्तियों में सफाई,पानी लाइट, और धार्मिक स्थलों के आस पास विकास कार्य शुरू नहीं किया गया तो वाल्मीकि महा पंचायत आगरा नगर निगम आगरा के विरोध में उग्र आंदोलन करेगी।

अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार ने मांग पत्र में शामिल मृतक आश्रितों की 2 समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया ओर कार्य जल्द शुरू करने का वादा किया। प्रदर्शन करने वालों में, बिरजू नरवार, संजय ऊंचिया, शिवम चौहान, विवेक नरवार ,राज कठेरिया, योगेश कठेरिया, विनोद चौहान साहिल चौहान आदि लोग उपस्थित रहे ।


उठावनी




स्व० ललित कुमार बंसल (पिंकी)
स्व० मनीष बंसल

हमारे प्रिय भ्राता श्री ललित कुमार बंसल (पिंकी) एवं श्री मनीष बंसल का आकस्मिक निधन दिनांक 19-01-2026 दिन सोमवार व 18-01-2026 दिन रविवार को हो गया था। जिनकी उठावनी दिन बुधवार दिनांक 21-01-2026 को दोपहर 3 बजे से 04 बजे तक न्यू आगरा कम्युनिटी हॉल में होगी।

शोकाकुल

उर्मिला देवी बंसल (चाची जी)

अजय बंसल-रेनू बंसल (भ्राता-भ्रातावधू)
संजय बंसल-संध्या बंसल (भ्राता-भ्रातावधू)
विजय बंसल-नलिनी बंसल (भ्राता-भ्रातावधू)
कुसम बंसल (पत्नी)-(स्व. ललित बंसल)
श्वेता बंसल (पत्नी)-(स्व. मनीष बंसल)
अलका गर्ग-ओमप्रकाश (बहन-बहनोई)
रोहित-नीरज, शुभम-शिवानी (पुत्र-पुत्रवधु)
रूचि-दीपक, श्वेता (हिना)-विश्वेन्द्र (पुत्री-दामाद)
शुभ बंसल (पुत्र)

अतुल बंसल, अनूप बंसल, आशीष बंसल (चचेरे भाई)
प्रतीक-अंशी (भतीजा-भतीजा वधु)
कनिका-प्रांजल, शैली- हर्ष (भतीजी-दामाद)
शकुन, विकास (लड्डू)
दीपक, पंकज, सचिन, वैभव, आर्यन, साई समर्थ, शिवांश (भतीजे)

-ःफर्मः-

- प्रोम्प्ट कम्प्यूटर सर्विस, दयालबाग आगरा
- संजय बंसल 'स्टाम्प वेंडर' तहसील सदर आगरा
- सोमेश्वर दयाल, दिनेश कुमार बंसल, शकुन बंसल (कातिव) सदर तहसील आगरा
- विकास बंसल (लड्डू भाई) 'स्टाम्प वेंडर' तहसील सदर आगरा
- होटल आशादीप, भगवान टाकीज, आगरा
- N S ENTERPRISE, दयालबाग आगरा
- अतुल प्रोविजनल स्टोर, दयालबाग, आगरा
- ASK 11 BEVARAGE AGRO PVT LTD
- SDS & ASSOCITES, CHURCH ROAD, आगरा
  SHIVANSH ENTERPRISE ,आगरा
- SPACE VENTILATION SYSTEM PVT LTD SONIPAT

-ःससुराल पक्षः-
पवन गोयल, सुरेश गोयल (ब्याना वाले), विजय कुमार, ओझल (मथुरा वाले)